## नगर में आज

### 70वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी
- स्थान: जनजातीय संग्रहालय
- समय: सुबह 11 बजे से

### नर्मदा देवी पुराण कथा
- स्थान: कुंजन नगर फेज 2
- समय: दोपहर 2 बजे से

### शिव महापुराण कथा
- स्थान: मीरा मंदिर 11 नं स्टॉप
- समय: दोपहर 2 बजे से

### पुस्तक मेला
- स्थान: मानस भवन
- समय: सुबह 1 से रात 10 तक

## विश्व कैंसर दिवस आज

# अगले साल तक भोपाल में मिलेगा कैंसर का पूरा इलाज

### हमीदिया में लीनियर एस्केलेरेटर और एम्स में 200 बेड का सीसीयू हो रहा तैयार, बीएमचआरसी में बन रही कैंसर यूनिट

**नगर संवाददाता, भोपाल।** पूरी दुनिया आज विश्व कैंसर दिवस मना रही है। इस बार की थीम है, यूनाइटेड बाए यूनिक। जिस तेजी से कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उतनी तेजी से इसके इलाज की सुविधाएं नहीं बढ़ रही हैं। लेकिन अगले एक साल में भोपाल में कैंसर इलाज की पूरी सुविधाएं भोपाल में उपलब्ध होने वाली हैं। इसके लिए राज्य व केंद्र सरकार द्वारा काम किया जा रहा है। एक तरफ जहां राज्य सरकार हमीदिया अस्पताल में आंकोलॉजीकल सुइट स्थापित करने जा रही है। वहीं केंद्र सरकार द्वारा एम्स में कैंसर केयर यूनिट का निर्माण कराया जा रहा है। यहां 200 बेड का विशेष वार्ड होगा। इसके अलावा बीएमएचआरसी और जेपी अस्पताल में भी कैंसर इलाज को लेकर व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं।

### हमीदिया में बंकर तैयार



हमीदिया अस्पताल एडवांस बंकर पूरी तरह तैयार हो गया है। यहां करीब 30 करोड़ रुपए की लागत से लीनियर एक्सीलेरेटर लगाया जाएगा। यह मशीन कैंसर की सटीक जांच और रेडियोथैरेपी के लिए उपयोग की जाएगी। मशीन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उम्मीद है कि 6 महीने में मशीन आ जाएगी। खास बात यह है कि सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड न होने पर भी इलाज मुफ्त रहेगा, जबकि निजी अस्पतालों में लीनियर एक्सीलरेटर से इलाज का खर्च 70 हजार से 1.7 लाख तक है।

> लीनियर एक्सीलरेटर मशीन के लिए प्रस्ताव मंजूर हो गया है और बंकर का काम तेजी से चल रहा है। हमारी कोशिश है कि सारी प्रक्रिया समय पर पूरी हो
>
> ■ **डॉ. कविता एन सिंह**, डीन, जीएमसी

### 295 करोड़ का प्रस्ताव भेजा



200 बेड का अत्याधुनिक अपेक्स आन्कोलॉजी सेंटर (कैंसर अस्पताल) बनाया जाएगा। एम्स में हर साल 36 हजार से ज्यादा कैंसर मरीज आते हैं। एम्स दिल्ली के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा लेवल-1 अपैक्स ट्रामा सेंटर भी भोपाल में तैयार होगा। इस सेंटर के पहले चरण के लिए 295 करोड़ का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा गया है। साथ ही 85 करोड़ की गामा नाइफ भी काम करना शुरू कर देगी। एम्स में न्यूरो सर्जन डॉ. आदेश श्रीवास्तव के मुताबिक गामा नाइफ से इन्फेक्शन रेडियस मात्र 0.01 प्रतिशत ही रह जाता है। यही नहीं इससे 0.1 एमएम के क्षेत्र में भी रेडिएशन दिया जा सकता है।

> कैंसर यूनिट के लिए सारी प्रक्रियाएं हो चुकी हैं। बंकर लगभग तैयार हो चुका है। गामा नाइफ भी जल्द ही आएगा। एम्स कैंसर ट्रीटमेंट में सबसे बड़ा सेंटर बनेगा।
>
> ■ **संदेश जैन**, डिप्टी डायरेक्टर एम्स

### बीएमएचआरसी में गैस पीड़ितों को मिलेगा इलाज




बीएमचआरसी में अत्याधुनिक कैंसर यूनिट स्थापित की जा रही है, जो आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस होगी। यह यूनिट ब्रेस्ट, लंग्स और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर सहित विभिन्न प्रकार के कैंसर के लिए विशेषज्ञ उपचार, कीमोथेरेपी और रेडिएशन सुविधा प्रदान करेगी, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा। इसके साथ ही सीटी स्कैन सेंटर के लिए भी मंजूरी मिल गई है।

> अस्पताल में गैस पीड़ितों के लिए लगातार सुविधाओं में इजाफा हो रहा है। कैंसर यूनिट बनने से इन मरीजों को निजी संस्थान नहीं जाना पड़ेगा।
>
> ■ **डॉ. मनीषा श्रीवास्तव**, निदेशक बीएमएचआरसी

# 60 फीसदी महिलाओं को थर्ड स्टेज में ब्रेस्ट कैंसर का चलता है पता

**नगर संवाददाता, भोपाल।** कैंसर के प्रति समाज में आज भी जागरुकता की कमी है। कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर या चिकित्सा विज्ञान से जुड़े लोग कैंसर का सटीक इलाज इसकी सही समय पर पहचान को मानते हैं। इस बारे में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल (एम्स) में एक रिसर्च हुआ है। यह रिसर्च एम्स के सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग की देखरेख में हुई है। एम्स भोपाल के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा पिछले छह महीनों में एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस अध्ययन के अंतर्गत कुल 167 स्तन कैंसर रोगियों की जांच की गई। इनमें से लगभग 60 प्रतिशत महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की पहचान तीसरे या चौथे स्टेज पर हुई है। जबकि केवल 32 प्रतिशत मामलों में स्टेज दो में पहचान हो सकी। महज आठ फीसदी मरीज ऐसे मिले हैं, जिनमें ब्रेस्ट कैंसर की पहचान पहले स्टेज पर हो सकी। चिकित्सकों की नजर में देर से पहचान न सिर्फ इलाज में रुकावट बनती है बल्कि मृत्यु के बड़े कारणों में से एक होती है।

### जिंदा बचने के सिर्फ 10 फीसदी चांस

एम्स की रिपोर्ट कहती है कि यह समस्या केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में वैश्विक स्तर पर देखी जा रही है। कई उच्च आय वाले देशों में इससे जीवित रहने की दर 90 प्रतिशत से अधिक है। जबकि भारत सहित अन्य विकासशील देशों में यह दर सिर्फ 10 प्रतिशत है।

### हर साल 6 लाख से ज्यादा मौतें

यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल के अनुसार, स्तन कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में सबसे अधिक पहचाना जाने वाला कैंसर है। वर्ष 2022 में इसके लगभग 23 लाख नए मामले सामने आए। यह महिलाओं में होने वाले कुल कैंसर मामलों में हर चार में से एक मामला है। उसी वर्ष लगभग 6.7 लाख महिलाओं की मृत्यु स्तन कैंसर के कारण हुई। वर्तमान में, 95 प्रतिशत देशों में ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में मौत का पहला या दूसरा प्रमुख कारण बन चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि यदि सुझाए गए उपाय प्रभावी रूप से लागू किए जाएं, तो 2040 तक वैश्विक ब्रेस्ट कैंसर मृत्यु दर में हर वर्ष लगभग 2.5 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है और लगभग 25 लाख मौतों को रोका जा सकता है।

### एम्स भोपाल में स्क्रीनिंग और इलाज दोनों की सुविधा

एम्स भोपाल में स्क्रीनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की क्लिनिकल ब्रेस्ट जांच की जाती है। आवश्यकता होने पर मैमोग्राफी जैसी इमेजिंग जांच तथा आगे की नैदानिक प्रक्रिया अपनाई जाती है। यहां स्तन कैंसर के लिए समर्पित ऑन्कोलॉजी ऑपरेशन थियेटर, एडवांस डायग्नोस्टिक एवं इमेजिंग सुविधाएं, सर्जिकल, मेडिकल और रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट तथा प्रशिक्षित काउंसलरों की बहुविषयक टीम कार्यरत है। 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को, लक्षण न होने पर भी, नियमित स्क्रीनिंग कराने की सलाह दी जाती है। वहीं जिन महिलाओं के परिवार में स्तन कैंसर का इतिहास रहा है, उन्हें आनुवंशिक परामर्श और जोखिम मूल्यांकन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान ने लगाई फांसी

**जागरण, भोपाल।** बैरसिया इलाके में किसान ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 40 वर्षीय छोटा उर्फ महेंद्र उर्फ धर्मेंद्र यादव पिता पहर सिहं मिदानपुर गांव में रहता था। वह खेती किसानी का काम करता था और शराब पीने का आदी था। उसके दो बच्चे हैं। आठ दिन पहले पत्नी बच्चे के साथ मायके गई थी। सोमवार शाम सात बजे उसने शराब के नशे में फांसी लगा ली। इसकी सूचना पड़ोसियों ने पत्नी को दी। मौके पर पहुंची पत्नी और पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ने पर वह रस्सी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर तलवार से हमला

**जागरण, भोपाल।** कोलार रोड पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने तलवार और डंडे से हमला कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस के अनुसार मंगलवार को 27 वर्षीय अभि मीणा निवासी न्यू सनखेड़ी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सागर, राज उईके, तरुण और एक अन्य साथी ने पुरानी रंजिश के चलते उसे मां-बहन की गालियां देते हुए तलवार और डंडे से हमला किया।

### अंशुमान यादव ने संभाला खेल संचालक का पद



**विसं भोपाल।** पुलिस अधिकारियों के फेरबदल में राज्य के खेल संचालक बनाए गए भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अंशुमान यादव ने मंगलवार को अपना दायित्व संभाल लिया। उन्हें निर्वतमान संचालक राकेश गुप्ता ने पदभार सौंपा। एडीजी गुप्ता उज्जैन जोन के पुलिस मुखिया बनाए गए है। गौरतलब है कि अंशुमान यादव हाल में ही प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे है, जिन्हें खेल संचालक जैसा अहम पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार संभालने के उपरांत नए संचालक ने विभागीय अधिकारियों से खेल गतिविधियों और आगामी आयोजनों के साथ योजनाओं की जानकारी हासिल की।

# देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला का बजटः सारंग

### जागरण लेक सिटी में युवा बजट संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि आम बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य की सशक्त आधारशिला है। इसमें सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। सारंग मंगलवार को जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी में आहुत युवा संवाद- बजट 2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। यह बजट ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर केंद्रित है जो युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला, किसानों के आत्मविश्वास को मजबूत करने वाला, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाला तथा मध्यम और गरीब वर्ग को सशक्त करने वाला है। इससे पहले सारंग ने दीप प्रज्ज्वलन कर युवा संवाद- बजट 2026 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होकर युवाओं से संवाद किया और केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 के प्रमुख प्रावधानों, सरकार की दूरदृष्टि और विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला।



मंत्री सारंग ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवाओं के लिए नए अवसरों का सृजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। बजट 2026 में विशेष रूप से युवाओं की सहभागिता और नेतृत्व को केंद्रित किया गया है। स्किल इंडिया, डिजिटल स्किल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों में युवाओं को दक्ष बनाकर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा रहा है। सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं बल्कि भारत की ग्रोथ इंजन है। यही कारण है कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा बल्कि उसे नीति और नीयत दोनों का हिस्सा बनाया। यह बजट इसी स्पष्ट नीयत का प्रमाण है, जहां हर योजना, हर निवेश और हर सुधार के केंद्र में महिला की गरिमा, सुरक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता को रखा गया है। इस बजट में महिला सशक्तिकरण के लिए जो रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। वह सामाजिक न्याय से आगे बढ़कर आर्थिक भागीदारी, तकनीकी नेतृत्व और वैश्विक प्रतिस्पर्धा तक महिलाओं की भूमिका को विस्तार देता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना और हर वर्ग के सपनों को साकार करने वाला बजट है। यह बजट न केवल अर्थव्यवस्था को गति देने पर केंद्रित है बल्कि गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण के लिए भी केंद्रित है। केंद्र सरकार द्वारा इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए एक प्रगतिशील, दूरगामी और प्रभावकारी बजट प्रस्तुत किया गया है।

# नाबालिग से रेप के आरोपी को वकीलों ने कोर्ट में पीटा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** नाबालिग से रेप, ब्लैकमेलिंग के आरोपी ओसाफ अली खान को पुलिस ने जिला कोर्ट में पेश किया। जहां वकीलों ने उसे हाथ-मुक्कों से पीट दिया। वकीलों ने लव जिहाद का आरोप लगाया। करीब चार मिनट तक वकील और पुलिस के बीच झूमाझटकी चली। इसके बाद पुलिस उसे निकालकर ले गई। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे पुलिस ने दो दिन की रिमांड पर लिया है। कोर्ट से निकलते वक्त शाम साढ़े छह बजे यह घटना कोर्ट के फर्स्ट फ्लोर पर एफ-16 के साथ हुई।



वकीलों की भीड़ ने आरोपी को घेर लिया। आरोपी को देखते ही उनका गुस्सा भड़क उठा और इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने धक्का मुक्की के बीच आरोपी को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**रेप का अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल:** कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक, रेप, ब्लैकमेलिंग और पाक्सो एक्ट के तहत एक पीड़िता ने शिकायत की थी। वह शाहपुरा स्थित एक स्कूल में 11वीं की छात्रा है। आरोपी ओसाफ अक्सर छात्रा की सहेली से मिलने स्कूल के आसपास आता था। सहेली के माध्यम से उसकी पहचान पीड़िता से हुई। पिछले साल जुलाई में आरोपी ने छात्रा को भोपाल घुमाने के बहाने बुलाया। इसके बाद खानूगांव के सुनसान इलाके में ले गया। वहां कार के अंदर आरोपी ने छात्रा के साथ रेप किया। विरोध करने पर उसने शादी का झांसा देकर उसे चुप करा दिया।

### धर्म परिवर्तन का बना रहा था दबाव

इसके बाद छात्रा ने अपने मौसेरे भाई और हिंदू संगठन के सदस्यों की मदद से थाने पहुंचकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। आरोपी छात्र पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाल रहा था। जबरन धार्मिक दुआएं भी पड़वाईं। पुलिस की पूछताछ जारी है।




## निर्देश — वल्लभ भवन चौराहे पर बनाई 45 फीट की वैकल्पिक रोटरी, सात दिन तक चलेगा प्रयोग

# पदभार संभालते ही ढाई घंटे पैदल चलकर पुलिस सीपी ने लिया ट्रैफिक का जायजा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** भोपाल पुलिस कमिश्नर (सीपी) की बागडोर संभालने के बाद पहले ही दिन संजय कुमार सड़कों पर उतरे। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को अहम निर्देश दिए। सुबह साढ़े 10 बजे सीपी वल्लभ भवन चौराहा यानी एमपी नगर थाना चौराहा पहुंचे। चौराहे पर 45 फिट की वैकल्पिक रोटरी बनाई गई है। कोन्स से बनाई यह रोटरी सात दिन तक प्रयोग में रहेगी। इसके बाद ट्रैफिक विशेषज्ञों की राय पर इसे ठीक करने का काम किया जाएगा। इसके बाद सीपी दोपहर तीन बजे बागसेवनिया थाना चौराहा पहुंचे। यहां से वह पैदल सागर स्पेशलिटी हॉस्पिटल तक चले। इस दौरान प्रधान मंडपम, बावडिया ब्रिज, दानिश नगर चौराहा, आशिमा मॉल, सागर लैंडमार्क तक पैदल भ्रमण कर ट्रैफिक व्यवस्था और अतिक्रमण को देखा। थाना पुलिस के साथ ट्रैफिक के अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। शाम साढ़े पांच बजे सीपी वापस यहां से लौटे। इसके पूर्व पुलिस कमिश्नरेट में आने वाले सभी 34 थानों को अपने-अपने थाना क्षेत्र के तीन स्थान चिन्हित करने को बोला गया था, जहां अतिक्रमण हैं और जाम की स्थिति निर्मित होती है। सीपी के भ्रमण के दौरान ऐसे भी अधिकारी सड़क पर दिखे, जो काफी समय से फील्ड में नजर नहीं आए थे।





### 1.30 मिनट के सिग्नल को 1.50 मिनट का किया जा रहा

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह साढ़े 10 बजे सीपी संजय कुमार वल्लभ भवन चौराहा पहुंचे। उनके साथ ट्रैफिक डीसीपी जितेंद्र पवार, एडिशनल डीसीपी संजय पवार, एसीपी मिलन जैन, एमपी नगर थाना प्रभारी जयहिंद शर्मा मौजूद थे। सीपी ने चौराहे से गुजरने वाले ट्रैफिक को देखा। जो ट्रैफिक आपस में टकरा रहा था, उसके निकाल के लिए प्रयोग के तौर पर रोटरी बनाने को कहा। अभी सात दिन के लिए प्रायोगिक तौर पर 45 फिट की रोटरी कोन्स से बनाई गई है। रोटरी बनाने के बाद ट्रैफिक के अधिकारी ट्रैफिक को व्यवस्थित तरीके से निकालने में जुटे। सीपी यहां पर करीब एक घंटे रहे। खुद मौके का मुआयना किया। अधिकारियों को निर्देश दिए। अभी यहां का सिग्नल 1.30 मिनट का है। चूंकि चौराहा बड़ा है इसलिए इस सिग्नल को 1.50 मिनट किया जा रहा है।

### लेफ्ट टर्न बनाने व अतिक्रमण हटाने के निर्देश

दोपहर तीन बजे सीपी बागसेवनिया थाना चौराहा पहुंचे। इस चौराहे पर वह करीब 15 मिनट रहे, ट्रैफिक का मुआयना किया। इसके बाद पैदल निकले। प्रधान मंडपम, बावडिया ब्रिज, दानिश नगर चौराहा, आशिमा मॉल, सागर लैंडमार्क से सागर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल तक गए। इस बीच उन्होंने सड़क के दोनों ओर के ट्रैफिक को देखा। वह यहां पर साढ़े शाम साढ़े पांच बजे तक रहे। बाएं से दायीं ओर जाने वालों के लिए सुरक्षित कट प्वाइंट के साथ लेफ्ट टर्न बनाने को कहा। मुड़ने वाले को चौड़ी जगह मिल जाए और जाम में न फंसे। आवश्यकता अनुसार डिवाइडर बनाने के निर्देश दिए। संबंधित विकास एजेंसी से समन्वय कर ट्रैफिक को कैसे सुरक्षित व सुगम बनाया जाए इसके निर्देश दिए। इसके अलावा सड़क पर किए छोटे-छोटे अतिक्रमण जो समस्या दे रहे हैं, उनके हटाने के निर्देश दिए। ताकि सड़क की बिजिविलिटी साफ रहे।

### पीक आवर्स में की जाएगी मॉनीटरिंग

सात दिन रोटरी और सिग्नल के साथ ट्रैफिक संचालित करने के बाद राय ली जाएगी कि इस सिग्नल के लिए क्या सही रहेगा, ताकि यातायात सुगम चले, एक-दूसरे से नहीं टकराए। समय रहते ट्रैफिक दूसरी ओर पार हो जाए। खासकर सुबह-शाम पीक आवर्स में इसकी मॉनीटरिंग की जाएगी। हम बता दें कि इस चौराहे पर छह रास्ते खुलते हैं, जो दुर्घटना की संभावना को बढ़ा रहे हैं।

दैनिक जागरण

# सप्तरंग

साहित्य और संगीत का



भोपाल 04 फरवरी 2026

## समझें शब्दों के अंतर

**शब्द : आक्षेप, उपहास, कटाक्ष, चुहल तथा दिल्लगी।**

### भाषा की पाठशाला



डॉ. पृथ्वीनाथ पाण्डेय

**आक्षेप** : यह संस्कृत-भाषा का संज्ञा शब्द है, जो पुल्लिंग शब्द के रूप में व्यवहृत होता है। यह क्षिप धातु का शब्द है, जिसका अर्थ है, 'फेंकना'। इसमें 'आ' उपसर्ग है। इस उपसर्ग में 'घञ्' प्रत्यय लगा हुआ है। इस प्रकार यह आक्षेप शब्द बना है।

**परिभाषा** : जब किसी के आचरण के विषय में उसे लज्जित करने के अर्थ में कोई कटु बात कही जाती है, तब वह आक्षेप कहलाता है।

**उपहास** – यह संस्कृत-भाषा का संज्ञा शब्द है, जिसका प्रयोग पुल्लिंग शब्द में किया जाता है। यह हस (हँसना) धातु का शब्द है, जिसमें 'उप' उपसर्ग है और 'घञ् प्रत्यय लगा हुआ है। इसका अर्थ है – निन्दा, बुराई। हँसी-ठठोली के मध्य किसी को अपमानित करने के उद्देश्य से कही गई बात को उपहास कहते हैं।



**कटाक्ष**– यह संस्कृत-भाषा का संज्ञा शब्द है, जिसका पुल्लिंग के रूप में प्रयोग होता है। यह 'कट' और 'अक्ष' (व्याप्ति) से बना है। इसमें 'अक्ष' धातु लगा हुआ है। इस धातु में 'अच्' प्रत्यय है, जिसके संयोग से कटाक्ष शब्द का सर्जन हुआ है। तिरछी नज़र से देखने की क्रिया अथवा भाव को कटाक्ष कहा जाता है। इसमें 'व्यंग्य' और 'आक्षेप' की प्रधानता रहती है।

**चुहल** – यह हिन्दी-भाषा का अनुकरण वाचक स्त्रीलिंग शब्द है । वास्तव में, पक्षियों की बोली को चुहल अथवा चहचहाहट कहा गया है। हँसी-ठठोली (ठिठोली अशुद्ध प्रयोग है) का यह सामान्य रूप है। इसमें किसी को कष्ट पहुँचाने का उद्देश्य नहीं रहता। जब किसी वार्ता-प्रसंग के मध्य में हँसी-ठठोली की बात की जाती है, तब उसे 'चुहल' कहते हैं।

**दिल्लगी** – यह फ़ारसी-शब्द का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है, जो फ़ारसी और हिन्दी का यौगिक शब्द है। फ़ारसी का शब्द दिल है और—लगना 'हिन्दी-शब्द है। इसका अर्थ और परिभाषा वही है, जो 'चुहल' की है। इसका उद्देश्य है, मन को प्रसन्न रखना। 'मसखरेबाज़ी' को भी दिल्लगी कहते हैं। दिल बहलानेवाली बातें 'दिल्लगी' हैं।

**अशुद्ध शब्द-प्रयोग**

**अशुद्ध शब्द- जन्मदिन**

**अशुद्ध प्रयोग** – कंजिका का कल जन्मदिन है।

शुद्ध प्रयोग – कंजिका की कल जन्मतिथि है। आयोजन जन्मतिथि के अवसर पर होता है; किन्तु जनसमुदाय जन्मदिन का प्रयोग करता है । मान लीजिए, आपका जन्म 1 जुलाई, 1959 ई0 को हुआ था और उस दिन 'सोमवार' था तो क्या प्रतिवर्ष 1 जुलाई को 'सोमवार' आयेगा? आपका उत्तर होगा– नहीं; किन्तु 1 जुलाई की तिथि प्रतिवर्ष आयेगी। ऐसे में, आपको 'जन्मतिथि' का समारोह करना चाहिए, न कि 'जन्मदिन' का।

## खाओ, पर बंद करके

### व्यंग्य बाण

● सुनील कुमार महला ●

जब यह लेखक छोटा था, तब अपने ननिहाल में राजस्थानी पारंपरिक व्यंजन कसार खाने का बड़ा लुत्फ उठाया करता था। आज भी कसार की बहुत याद आती है। लेकिन, अब बिरले ही घरों में कसार बनता है, क्योंकि बाजार में अनेक प्रकार की मिठाइयां आ चुकी हैं। लेकिन, आप मानें या न मानें कसार जितना सरल दिखता है, उतना ही खतरनाक भी होता है। खासकर जब आपके घर कोई मेहमान पधारे हों। हंसी-मजाक का दौर चल रहा हो और आप गलती से कसार की एक बड़ी चुटकी मुंह में डाल चुके हों। कसार खाने में उतना आनंद नहीं है, जितना फुंकाने में है। दरअसल, कसार की सबसे बड़ी खासियत यही है कि यह खाया कम और फुंकाया ज्यादा जाता है। यदि कसार का सेवन करते समय गलती से छींक आ जाए या बीच में कोई कुछ पूछ बैठे तो आधा कसार हवा में, थोड़ा जमीं पर और बाकी सामने बैठे व्यक्ति के चेहरे पर।

रामलुभाया जी हमारे मित्र हैं। एक बार उन्होंने हमें बताया– लेखक भैय्या! कसार के कुछ उसूल हैं। मसलन, कसार खाते वक्त आदमी को कुछ भी बोलना नहीं चाहिए। मौन व्रत तोड़ा तो आदमी फंसा। रामलुभाया जी का अनुभव बिल्कुल सत्य निकला। हमारे एक मित्र ने एक शादी में सिर्फ वाह! क्या स्वाद है! कहा, और वह स्वाद उनके सामने बैठे एक मेहमान के चश्मे पर जाकर बैठ गया। फिर पूरे कार्यक्रम में बेचारे मेहमान जी मीठी धुंध से झांकते रहे। वैसे कसार खाना खिलाना किसी युद्ध से कम नहीं है। यह टेस्ट ऑफ पेशेंस है, जो मुंह में घुलता कम है, गला ज्यादा सुखाता है। अगर पानी पी लिया, तो फिर उसका नाम कसार नहीं, कीचड़ हलवा हो जाता है। इसलिए सुझाव है कि कसार खाते समय मौन व्रत लें, छींक को मन से रोक रखें और हंसाने वालों से दो गज की दूरी रखें। अन्यथा, आपका आतिथ्य मेहमानों की आंख, कान और नथुनों में घुस जाएगा।

## प्यारा हिन्दुस्तान हमारा

### गीत

डॉ. जीवन एस. रजक

चंद्रमा के उत्तुंग शिखर पर,
शोभित होता तिरंगा प्यारा।
संदेहों के तमस मिटाकर,
अब छाया अक्षय उजियारा।।
भारत के बढ़ते वैभव से,
विस्मित होता जग सारा।
नित नूतन पथ बढ़ता जाता,
प्यारा हिंदुस्तान हमारा।।
कुरुक्षेत्र की पुण्य धरा से,
उपदेशों का उत्थान हुआ।
सकल भू-मंडल को हमने,
मानवता का प्रतिमान दिया।।
वासुदेव ने बतलाया,
जीवन का सारा ज्ञान हमें।
सिखलाया संचित कर रखना,
राष्ट्र का स्वाभिमान हमें।।
गीता ज्ञान प्रवाहित करता,
राष्ट्रहितों की अंतर्धारा।
नित नूतन पथ बढ़ता जाता,
प्यारा हिंदुस्तान हमारा।।
बार-बार गजनी आया,
सोमनाथ तक लूट मचाया।
भारत की निश्चलता को लेकिन,
किंचित डिगा नहीं पाया।।
पृथ्वीराज ने भारत भूमि का,
शत-शत सम्मान बढ़ाया।
प्राणदान शत्रु को देकर,
नैतिकता का पाठ पढ़ाया।।
नित नूतन पथ बढ़ता जाता,
प्यारा हिंदुस्तान हमारा।।
निज मातृभूमि के हित में,
हर संकट का प्रतिकार किया।।
धरती से नभ तक गूँजा,
भारत माँ का जय-जय कारा।
विक्रमादित्य का शौर्य यहाँ,
दुर्गावती का बलिदान है।
आँख उठाकर मत देखो,
रानी झांसी का हिंदुस्तान है।।
श्री राम प्रतिष्ठित हुए अवध में,
रामराज्य फिर से आया।
सब दसों दिशाओं ने मिलकर,
यशोगान भारत गाया।।
वंदे मातरम की शुभ ध्वनि से,
गूँज उठा कण-कण सारा।

### विश्व साहित्य

**दुख की गहराई तब और दारुण हो जाती है जब शब्दों की चोट लगती है। कानों से उतरा जहर हृदय को प्रभावित करता है। स्थितियों में आया परिवर्तन किस तरह जीवन बदलकर रख देता है, पढ़िए अखिलन की तमिल कहानी का अंश....**

**साहित्यकार, उपन्यासकार, लघु कहानी लेखक, पत्रकार, व्यंग्यकार, यात्रा लेखक, नाटककार तथा पटकथा लेखक अखिलन का पूरा नाम 'पेरुंगलूर वैद्यविंगम अखिलंदम' है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस तमिल लेखक ने मुक्त भाव से सरकारविरोधी कहानियां लिखीं। इन्हें 1963 में साहि अकादमी व 1975 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत किया गया।**

## संतान वरदान



तिरुच्ची शहर की हर दुकान छान मारी, लेकिन कमीज सिलाने के लिए सफेद कपड़ा नहीं मिला। जब निकला था तो चार बज रहे थे, अब छह बज चुके थे। शहर की सड़कों पर चहल-पहल थी। नए-नए माडल की कारें आ-जा रही थीं। कपड़ों की दुकानें, गहनों की दुकानें और रेस्त्रां ठसाठस थे। गली के बीचोबीच स्थित सिनेमाघर के अहाते में टिकट खरीदने वालों की लंबी कतारें लगी हैं। फिल्म के शौकीन लाइन में खड़े हैं। सफेद कपड़ा काले बाजार में गुल कर दिया गया था। अधिकांश लोगों के पास कपड़ा नहीं था। जिनके पास था, वे पैसे ज्यादा मांग रहे थे। कुछ दुकानों पर होते हुए भी इन्कार कर रहे थे। काले बाजार से सफेद कपड़ा खरीदने के लिए न मेरे पास पैसे थे, न ही इच्छा। एक रेस्त्रां में काफी पीने बैठ गया। मैं बाहर निकला तो एक भिखारी ने हाथ फैलाते हुए याचना की– 'मालिक चवन्नी दे दो, तुम्हारे बाल-बच्चे सुखी रहें।'

मैं किसी सोच में डूबा चल रहा था। मैंने उसका चेहरा ठीक से नहीं देखा था । फिर भी मुझे ऐसा लगा कि वह भिखारी नहीं था। उसकी उम्र 30-35 के करीब होगी । शरीर शिथिल लग रहा था, लेकिन दो-एक माह पूर्व वह जरूर स्वस्थ रहा होगा । वह फटी कमीज और मैली धोती पहने हुए था । पैसों की थैली में हाथ डालकर मैंने चवन्नी खोजी । निक्कल सिक्कों के बीच छिपे हुए उस ताम्र सिक्के को खोजने में आधे मिनट का समय लगा। चार आने का सिक्का निकालकर मैंने उस भिखारी को खोजा मगर वह कहीं दिखाई नहीं दिया। मुझे आश्चर्य हुआ। उसने मुझे पैसे निकालते हुए देखा था, फिर वह कहां अंतर्ध्यान हो गया? क्यों गया? इधर-उधर नजर दौड़ाई। वहां अन्य कोई भिखारी भी न था। पास की गली में कोई तेजी से प्रवेश करता हुआ दिखा। वह कोई और नहीं बल्कि मुझसे भीख मांगने वाला वही व्यक्ति था।

'अरे.... ये ले पैसे', मैंने पुकारा। उसने मुड़कर नहीं देखा। बहरा बन उस गली के बड़े पत्थर पर मेरी ओर पीठ कर बैठ गया। मैंने देखा, उसने अपना चेहरा हाथों से ढांप लिया। रेस्त्रां की सीढ़ियां उतर मैं गली की ओर बढ़ा। उसके करीब एक लड़की चिथड़ों में लिपटी थी। उसकी गोद में एक वर्ष का बच्चा खेल रहा था। बच्चे के माथे पर आंसुओं की बूंदें गिराती हुई वह रो रही थी। वह फफक-फफककर इस प्रकार रो रही थी, मानो किसी दारुण व्यथा से पीड़ित हो । एक क्षण में मैंने वहां खड़े होकर देखा, उसका रुदन कम हुआ। उसने मुझे कार निगाहों से देखा। 'साहिब... ' कहकर मुझे प्रणाम किया।

मैं उसे पहचान गया। उसके निकट खड़े उसके पति को भी पहचान गया । 'तुम्हारा बेटा है?'

'जी हां...' वह बोली।

अब मैं हैरान था। दुबली-पतली सी वह हड्डियों का ढांचा लग रही थी। बड़ी दाढ़ी-मूंछ वाले व्यक्ति की पसलियां ऐसे झूल रही थीं मानो अब गिरी, कब गिरी। बगैर पूछे ही मैं उसकी कहानी समझ गया। सेलम के करीब के गांव से रोजी-रोटी की तलाश में कई जुलाहे सपरिवार सेलम आ रहे थे। पहली बार जब मैंने वह दारुण स्थिति देखी थी तो मेरा मन करुण क्रंदन कर उठा था। उसके बाद ऐसे कई दृश्य देखने को मिले, जिसके चलते मेरा दिल कड़ा हो गया था। 'तुम्हारी यह हालत है?' मैंने पूछा । 'मुझसे कहीं ज्यादा अच्छी हालत में रहने वाले भी आज कष्टमय जीवन जी रहे हैं।' उसने कहा । 'कितनी मनौतियों के उपरांत हुआ था पुत्र। आज एक बूंद पानी के लिए तरस रहा है।' उस युवती ने कहा। मैंने उनके बच्चे को देखा। उसे देखकर ऐसा लगा कि ऐसी दरिद्रता पहले कभी नहीं देखी थी। गोल-मटोल था वह। उसके शरीर को देख यह अंदाजा लगाने में मुझे देर नहीं लगी कि अब वह उस हाल में रह नहीं पाएगा। हरी-भरी लहलहाती बेल एकाएक कड़कती धूप के कारण मुरझा जाती है, ठीक वैसी ही दशा उसकी थी। पिचके पेटवाला वह बच्चा अपना अंगूठा चूस रहा था । मैंने उस बच्चे के हाथ में एक रुपया पकड़ा दिया। उस युवती ने ले लिया। 'कोई नौकरी हो तो दिला दो मालिक, हम दोनों नौकरी करेंगे, हमको खाना खाए तीन दिन हो गए हैं।'

नौकरी मिलना आसान नहीं है। जो भी हो, एक हफ्ते बाद मुझसे मिलो।' मैंने अपना पता दे दिया। पति-पत्नी ने कृतज्ञतापूर्वक मेरी ओर देखा परंतु पति के चेहरे पर अकथ्य वेदना थी। मुझसे नौकरी की याचना करने की स्थिति आ गई थी। शायद यही उसे कचोट रहा था। बाजार की सड़क पर चलते हुए मुझे दो वर्ष पूर्व उन दोनों से हुई मुलाकात याद हो आई। श्रीलंका से जहाज द्वारा धनुषकोटि बंदरगाह पर उतरा। इंडो- सीलोन एक्सप्रेस तैयार खड़ी थी। अपना सामान रेल पर चढ़ाकर मैं खिड़की वाली सीट बैठा बाहर के नजारे देखने लगा। एक ओर समुद्र का तट, झोपड़ियां, गंदगी भरा वातावरण, दूसरी ओर समुद्र का ठहरा हुआ गंदा पानी, जिसमें तैरते हुए बच्चे, जो भीख मांग रहे थे। यात्री जो पैसे समुद्र-देवता को चढ़ाते, वे बच्चे उनको झट ढूंढकर निकाल लेते। छोटी मछलियों भांति उनका पैसों के पीछे डुबकी लगाना, मेरे मन को दर्द भरा मनोरंजन सा लग रहा था। मेरे डिब्बे में एक पुरुष और एक की स्त्री चढ़े। पति-पत्नी लग रहे थे। उनको देखकर ऐसा लग रहा था कि वे संतान प्राप्ति की मनौती मांगकर रामेश्वरम् से आए थे क्योंकि उन्होंने धनुषकोटि समुद्र तट पर डुबकी लगाई और गीले वस्त्रों से ही अपने घर लौट रहे थे। प्लेटफार्म पर उनके सहायक दो पंडे खड़े थे। पुरुष ने पांच रुपये का नोट उनकी ओर बढ़ाया।

पांच रुपये ही दिए हैं...

बाकी? 'बाकी क्या, पांच रुपये की बात हुई। थी', पास खड़े व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए उसने कहा, 'मेरे लिए ये पांच रुपये ठीक हैं, इसको तीन रुपये और दे दीजिए।' साथ खड़ी स्त्री ने कहा,... और तीन रुपये? सवा रुपया भी नहीं दूंगी। तुम दोनों को कुल पांच रुपये देने की बात तय हुई उसके पति ने एक रुपया निकालकर उस दूसरे पंडे की ओर बढ़ाया। उसने लेने से साफ इन्कार कर दिया। 'तीन रुपये से एक पैसा भी कम हुआ तो हम नहीं लेंगे।' कहकर पहले के पांच रुपये भी वे लौटाने लगे। दूसरे पंडे ने तिरस्कार के स्वर में कहा, 'ऐसे कंजूसों कहां से बच्चा होगा?' विषैले सर्पदंश की भांति उसके शब्द मुझे आ लगे। वह पुरुष अवाक् रह गया। उसकी पत्नी के चेहरे पर बदलते भाव दयनीय लग रहे थे। एकाएक उसकी आंखें इसके छलछला आई। साड़ी के पल्लू से आंसू पोंछती हुई वह बोली, 'तीन रुपये मारिए मुंह पर ।' इतनी घटिया हरकत से पैसे कमाने वाले वे दोनों खीसें निपोरते हुए चले गए। रेलगाड़ी भी चल पड़ी, परंतु उसकी रुलाई बंद नहीं हुई। उसके पति ने उसे कितना समझाया, लेकिन वह उसी तरह रोती रही। तड़पते हुए व्यग्र स्वर में बोली, 'ऐसे निर्लज्ज लोगों के मुंह से इन शब्दों को सुनने हम इतनी दूर आए थे?' बच्चा न जन पाने की पीड़ा को मैं समझ पा रहा था। उसके रिसते जख्म पर मरहम लगाते हुए मैंने भी दो शब्द उससे कहे । मेरा इस प्रकार उनके व्यक्तिगत मामले में दखल उन्हें अच्छा नहीं लगा। कुछ पलोपरांत वह सहज हो गई। सेलम में वे जुलाहे थे। पति-पत्नी दोनों काम करते थे। वह हथकरघे पर कपड़ा बुनता था। पत्नी चरखे पर सूत कातती । किफायत से घर चलाते थे, अच्छी बचत कर लेते थे। उनकी शादी हुए आठ साल हो गए थे, लेकिन संतानहीन थे। पति इस ओर से बेपरवाह था, पर पत्नी ऐसा नहीं कर पा रही थी। रामेश्वरम् आने के लिए एक साल से पैसे जमा कर रही थी। पति को चाहे इस पर विश्वास नहीं था, लेकिन पत्नी की खातिर चला आया था।

**( अनुवादक : डा. कमला विश्वनाथन**
**( प्रभात पेपरबैक्स की तमिल की लोकप्रिय कहानियां से साभार )**

## जीतने वाला भी हारेगा

### कविता

डॉ. ओम प्रकाश शुक्ला

कौन सही है, कौन गलत है
बस वर्चस्व की लड़ाई है
वर्षों से लड़ी जा रही है
अबोध बालक, नवजात शिशु
निरीह स्त्री-पुरुष, मारे जा रहे हैं
दुनिया के देश, अपने-अपने हितों से
कोई किसी के साथ है, कोई किसी के
रात सोते हैं, सपने लेकर उगते सूरज को
देखेंगे, अगले दिन क्रूरता की बलि चढ़ जाते हैं
जो जीतेगा, सदियों तक इनका
गुनाहगार ही कहलाएगा
एक दिन जीतने वाला भी हारेगा
इतिहास ज़रूर दोहराएगा ।



## हाफ संडे

### लघुकथा

'अम्मा, बापू हर रोज काम पर क्यों जाते हैं?' पिता को घर से बाहर निकलता देख 10 वर्षीय मुनिया अपनी मां से पूछ बैठी।

'बापू अगर काम पर नही जाएंगे, तो पैसे नही आएंगे... और पैसे नही आएंगे तो हम लोग खाना कैसे खाएंगे?' बांस के सूप को खूंटी पर लटकाते हुए मां ने मुनिया को समझाया।

'हर दिन जाना पड़ता है।' मुनिया ने पुनः पूछा। 'हां रे, हर रोज जाना होता है।' मां बोली।

'लेकिन अम्मा, जहां तुम काम करने जाती हो, वहां के साहब तो हर रोज काम पर नहीं जाते !'

'अरे, साहेब लोग को संडे के दिन घर पर आराम करने के लिए छुट्टी मिलती है।' मां मुस्कुराकर बोली।

'तब तो साहेब लोग को संडे का पैसा नहीं मिलता होगा?' मुनिया तपाक से बोली।



'ऐसा नही है, उस दिन का पैसा भी मिलता है।' मां ने मुनिया के सिर पर हाथ फेरते हुए कहा।

'लेकिन बापू को तो छुट्टी नहीं मिलती।'

'बेटी हम दिहाड़ी मजदूर हैं, हमें रोज काम करना पड़ता है। हमारे नसीब में संडे नहीं होता।'

अगली शाम काफी तेज बारिश हो रही थी। मुनिया का बापू काम से चार घंटा पहले ही घर वापस आ गया। गीले कपड़ों की जेब से पालीथिन में लिपटी दिहाड़ी पत्नी को देते हुए प्रसन्नता से बोला, 'बारिश के कारण ठेकेदार ने चार घंटा पहले ही काम रोक दिया...।'

'लेकिन दिहाड़ी...' पत्नी ने टोकते हुए पूछा।

'अरे फिक्र मत कर भाग्यवान, मजूरी पूरी दी है।'

पिता की बातें सुन मुनिया खुशी से उसके गीले बदन से लिपट कर चिल्लाई, 'आज बापू का भी हाफ संडे हो गया।' मासूम मुनिया की बातें सुनकर बापू और अम्मा दोनों मुस्कुराने लगे।

**विनोद कुमार विक्की**

## नाद ब्रह्म के साधक

### संगीतायन



प्रो. प्रकाश चन्द्र गिरि
बलरामपुर, उत्तर प्रदेश

**प्रसिद्ध तबलावादक पंडित किशन महाराज के लिए संगीत सनातन शास्त्रों में वर्णित नाद ब्रह्म था, जिसके माध्यम से वह अपने इष्ट की उपासना करते थे...**



वर्ष 1946 की बात है। युवावस्था में – पंडित किशन महाराज एक संगीत कार्यक्रम में बंबई (अब मुंबई) गए। सितार वादक पं. रविशंकर के संग उनकी प्रस्तुति हुई। उसके बाद वहां उपस्थित महान गायक पं. ओंकार नाथ ठाकुर ने मंच से भविष्यवाणी कर दी कि बनारस के इन दोनों युवाओं को एक दिन पूरी दुनिया में सम्मान मिलेगा। यह भविष्यवाणी अक्षरशः सिद्ध हुई।

प्रसिद्ध तबला वादक पं. किशन महाराज का जन्म काशी (वाराणसी) में हुआ। उन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षा पिता पं. हरि प्रसाद से प्राप्त की। फिर अपने चाचा और विख्यात तबला वादक कंठे महाराज से तबले का विधिवत प्रशिक्षण लिया।

20वीं सदी के पूर्व तक तबले को मात्र एक संगत वाद्य का ही स्थान प्राप्त था, किंतु किशन महाराज ने उसे स्वतंत्र तालवाद्य की गरिमा दिलाई। उन्होंने तबला वादन के क्षेत्र में एक अनूठा योगदान करते हुए तबले के बोलों के आधार पर शंकर वंदना, काली वंदना, दुर्गा वंदना, हनुमान वंदना आदि अनेक रचनाओं का सृजन किया। उनके द्वारा रचित 'गणेश परन' प्रसिद्ध है, जो बनारस घराने की तबलावादन परंपरा का उत्कृष्ट रूप है। वादन में दाहिने और बाएं (तबले के दो भाग) का संवाद व विशेष रूप से अनेक मौलिक परन व रेलों की रचना उनकी अपूर्व व अतुलनीय प्रतिभा का प्रमाण है।

पंडित किशन महाराज का व्यक्तित्व खांटी बनारसी था। मस्त प्रकृति के इंसान। सुदर्शन देहयष्टि, माथे पर शोभित बड़ा गोल लाल टीका, रेशमी कुर्ता और धोती, बनारसी पान से रंजित होंठ, कंधे तक लहराता केश विन्यास, सब कुछ अनूठा। पंडित जी उत्कृष्ट संगीत - चिंतक भी थे। उनके लिए संगीत सनातन शास्त्रों में वर्णित नाद ब्रह्म था, जिसके माध्यम से वे अपने इष्ट की उपासना करते थे । पंडित जी ने अपने दौर के सभी दिग्गज गायक-वादकों के साथ संगत की।



किशन महाराज ने 'बड़ी मां' समेत कुछ हिंदी फिल्मों में तबला वादन किया। संगीत जगत में उन्हें अनेक अलंकरणों से विभूषित किया गया, जिसमें संगीत नाटक अकादमी सम्मान, पदमश्री सम्मान, उस्ताद हाफिज अली सम्मान व पद्मविभूषण सम्मान आदि प्रमुख हैं। किशन महाराज की शैली उनके सुयोग्य शिष्यों पं. कुमार बोस, बालकृष्ण अय्यर व सुखविंदर सिंह के तबला वादन में प्रवाहमान है।

## वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ

### किताबघर



यतींद्र मिश्र
अयोध्या, उत्तर प्रदेश





**वक्रतुंड**
**महेंद्र मधुकर**
**राजकमल प्रकाशन प्रा. लि... नई दिल्ली**
**मूल्य : 399 रुपये**

भारतीय मनीषा में श्रीगणेश केवल आराध्य देव नहीं, चेतना के प्रथम स्पर्श हैं, जीव-जगत के सहचर, मनुष्य के संघर्षों में सहभागी, उसके अंतःकरण के साक्षी और मोक्ष के मार्गदर्शक। वे ईश्वर के सहजतम और सर्वव्यापी रूप के प्रतीक हैं, वे मनुष्य जो करुणा, बुद्धि, संघर्ष और सौंदर्य – मानव जीवन के हर आयाम में समाहित हैं। के साथ समस्त जीव-जगत के हितैषी हैं। उनके लिए हर जीव शरणागत है, चाहे वह देव हो या मूषक जैसा क्षुद्र प्राणी। वे सात्विकता के प्रति सरस-सदय हैं और तमस के प्रति कठोर, वे न केवल विघ्नहर्ता हैं बल्कि विघ्नकर्ता भी, जो असावधानी, अधर्म या दुष्टबुद्धि के मार्ग में अवरोध उत्पन्न कर सृजन की दिशा को शुद्ध करते हैं। महेंद्र मधुकर की 'वक्रतुंड' ऐसे कृपालु, सर्वसमर्थ और सर्वज्ञ श्रीगणेश की अप्रतिम दिव्य लीलाओं का आख्यान है, जो विश्वास देता है कि हर अवरोध में भी ईश्वरीय मार्गदर्शन छिपा है। एक अत्यंत मनोहारी और दार्शनिक प्रसंग पार्वती और उनकी सखियों के बीच का संवाद है, जहां स्त्री की स्वतंत्रता, कोमलता और कठोरता पर गहन विमर्श उभरता है।

इस दृश्य में पार्वती का तपस्विनी रूप और मातृत्व भाव एक साथ प्रकट होता है। जब वे उबटन के मैल से अनजाने में एक बालक – आकृति गढ़ती हैं और उसे हृदय का की ही से लगाती हैं, तो वह बालक प्राणवान हो उठता है, यही वह क्षण है जब श्रीगणेश का जन्म होता है। एक प्रसंग में पार्वती के आदेश पर द्वारपाल बने गणेश अपने कर्तव्य पर अडिग रहते हैं, यहां तक कि वे स्वयं शिव को भी रोक देते हैं। अज्ञान, हठ और धर्म का यह टकराव उस क्षण चरम पर पहुंचता है जब शिव – त्रिशूल और शनि – दृष्टि के संयुक्त प्रहार से बालक गणेश का सिर धरा पर गिरता है। क्षणभर में ही युद्ध, विलाप और पश्चाताप का एक महाकाव्य रच जाता है। एक अन्य कथा श्रीगणेश की बुद्धि और भक्ति का अद्भुत संगम है। एक बार कार्तिकेय पृथ्वी की परिक्रमा पर निकले, तब गणेश ने माता-पिता प्रदक्षिणा कर कहा– 'माता-पिता ही सृष्टि स्वरूप हैं।' उनकी यह अंतर्यात्रा बाह्य परिक्रमा से श्रेष्ठ सिद्ध हुई।

बुद्धि, भक्ति और ब्रह्म का यह संगम उन्हें प्रथम पूज्य वक्रतुंड बनाता है। महर्षि कश्यप और उनके पुत्र महोत्कट विनायक के संवाद की कथा नैतिकता, शक्ति, धर्म और विवेक की एक उज्ज्वल गाथा है।

## संक्षिप्त खबरें

### संपत्तिकर न चुकाने पर हलालपुरा बस स्टैंड स्थित डी गोल्डन सीज

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** नगर निगम द्वारा समय पर संपत्तिकर का भुगतान न करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।



इसी तारतम्य में हलालपुर बस स्टैंड स्थित होटल डी गोल्डन को जोन 20 के अमले द्वारा कुर्क कर दिया गया है। नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार होटल की संचालक कोमल देवी मोरंदानी पर 82 हजार 646 रुपए का संपत्तिकर बकाया था। वहीं सुरेश कुमार मोरंदानी पर 55 हजार 462 रुपए का संपत्तिकर बकाया था। दोनों बकायादारों को कई बार नोटिस भेजने के बाद भी संपत्तिकर का भुगतान नहीं किया गया, जिसके बाद नगर निगम के राजस्व अमले ने जोनल अधिकारी के मार्गदर्शन में होटल डी गोल्डन को कुर्क करने की कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के अनुसार संपत्तिकर न चुकाने वालों पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

### चावलाज विजन केयर द्वारा डायबिटिक आई कैंप का आयोजन

**जागरण, भोपाल।** राजधानी के अरेरा कॉलोनी में चावलाज विजन केयर एवं डायबिटिक आई क्लिनिक में डायबिटिक मरीजों की आंखों की विशेष देखभाल हेतु एक



निःशुल्क एआई सक्षम डायबिटिक आई कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया। शिविर के दौरान कुल 126 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 58 से अधिक मरीज डायबिटिक पाए गए। डायबिटिक पाए गए सभी मरीजों की एआई आधारित फंडस कैमरा के माध्यम से रेटिना की निःशुल्क जांच की गई एवं डायबिटिक आई स्पेशलिस्ट द्वारा परामर्श भी दिया गया। शिविर में 21 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की सलाह दी गई। कैंप के दौरान मरीजों को निःशुल्क ब्लड शुगर टेस्ट, एआई आधारित आई टेस्टिंग तथा विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

### कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने बनी रणनीति

**जागरण, भोपाल।** कोलार में मंगलवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें पूरे ब्लाक में संगठन को कैसे मजबूत बनाया जाए,इसको लेकर रणनीति बनाई गई। इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई। बैठक में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड ने कहा है कि हमें सभी वार्डो में वार्ड कमेटी बनानी है,जिसमें ऐसे कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा,जो पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत बना सके। बैठक में वरिष्ठ नेता सुखलाल ठाकुर, पूर्व प्रदेश सचिव प्रशांत चौहान,नूर खान के अलावा दूसरे कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आरकेएमपी से दानापुर के बीच चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** रेल प्रशासन द्वारा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और दानापुर के बीच होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसका संचालन 2-2 ट्रिप द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन के रूप में किया जाएगा। जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन शुक्रवार 27 फरवरी एवं सोमवार 2 मार्च को दोपहर 2:25 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 8:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन शनिवार 28 फरवरी एवं मंगलवार 3 मार्च को सुबह 11:15 बजे दानापुर से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 8:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा पर रुकेगी।

### पिपलानी में ऑनलाइन गेम खेलने वाले 8वीं के छात्र ने लगाई फांसी

**जागरण, भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र में आनलाइन गेम खेलने वाले 8वीं के छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक ने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है। जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। घटना के वक्त वह घर में अकेला था। जिसके उसका मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 14 वर्षीय अंश साहू पिता नितिन छत्रसाल नगर में रहता था। वह एक निजी स्कूल में 8वीं का छात्र था। उसके माता पिता प्राइवेट स्कूल में टीचर है। अंश उनका इकलौता बेटा था। रविवार को उसके परिजन नाना की तेरहवीं में शामिल होने गए थे। सोमवार दोपहर डेढ़ बजे जब वह वापस लौटे तो उनका बेटा फांसी के फंदे पर लटका मिला। इस दौरान परिजन तुरंत उसे नीचे उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने अंश को मृत घोषित कर दिया।

### शिव शक्ति धाम मंदिर में चोरी

**जागरण,भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने मंदिर में रखी दान पेटी, दो घंटे, नाग समेत हजारों रुपए की नकदी चोरी कर ली। सोमवार सुबह मंदिर के पुजारी के पहुंचने पर घटना का पता चला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिव शक्ति धाम मंदिर जिंसी धर्मकांटा के पास स्थित है। चोर मंदिर की दीवार फांदकर अंदर घुसे और वारदात को अंजाम दिया। वे मंदिर के अंदर लगे दो घंटे, नाग और दानपेटी समेत नगदी लेकर फरार हो गए। सुबह जब मंदिर के पुजारी रामराज मिश्रा पहुंचे, तो मंदिर का सामान गायब मिला। इस पर उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री, आज करेंगे वरिष्ठ नेताओं से भेंट

**विसं भोपाल।** सीएम डॉ.मोहन यादव मंगलवार को देर शाम दिल्ली के लिए रवाना हुए। सीएम बुधवार को दिल्ली प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उनकी कई वरिष्ठ नेताओं के साथ अलग-अलग विषयों पर चर्चा होगी। सीएम के इस प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश को लेकर कई अहम निर्णय लिए जा सकते है। इनमें निगम मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियों जैसे विषय भी शामिल है।

# एफआईआर से खफा तीन बदमाशों ने अपने कर्मचारी के घर घुसकर की चोरी

### जनसुनवाई में सनसनीखेज मामला लेकर पहुंचा बुजुर्ग, एडिशनल पुलिस कमिश्नर को सौंपी गई जांच



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** साहब मेरे बेटे का 29 जनवरी को अपहरण कर लिया गया था। तीन बदमाश 29-30 जनवरी को सुबह 4 बजे हमारे घर में घुसे। इस दौरान घर से सोने चांदी के जेवर और 4500 रुपए चोरी करके ले गए। इन तीनों ने इस दौरान मेरे बेटे जितेन्द्र ठाकुर का भी अपहरण कर लिया है और मारपीट के एक मामले में सुलह करने का दबाव बना रहे हैं। यह शिकायत लेकर मंगलवार को फंदा ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत रायपुर के 70 साल के घनसिंह ठाकुर जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर से बेटे की तुरंत रिहाई कराने की गुहार लगाई। बुजुर्ग के इस सनसनीखेज मामले को सुनकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह भी हैरान रह गए। उन्होंने मामले की जांच एडिशनल पुलिस कमिश्नर को सौंपी है। बुजुर्ग घन सिंह ने कलेक्टर को बताया कि 29 जनवरी को रात को वे और परिवार के अन्य सदस्य खेत में पानी देने गए थे। इसी दौरान रंजीत प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति और सुनील प्रजापति ने घर में घुसकर जेवर चोरी कर लिए और बेटे का भी अपहरण कर लिया। इन तीनों को घर की रैकी करते हुए पड़ोसियों ने भी देखा था। बुजुर्ग ने बताया कि जितेन्द्र इनका ट्रैक्टर चलाता है और 25 हजार के लेनदेन को लेकर ये तीनों पहले भी उससे मारपीट कर चुके हैं। पैसे देने के बाद भी तीनों ने बेटे को मारा था, जिसकी एफआईआर ईंटखेड़ी थाने में कराई गई थी। जिसे वापिस लेने का यह तीनों दबाव बना रहे हैं। इसी कारण बेटे का अपहरण किया है और मुझे भी ट्रैक्टर से कुचलने की धमकी देते हैं। बेटे को बचाने के लिए गांव के कई लोग इन तीनों के घर पहुंचे थे, लेकिन वहां सबके साथ मारपीट की गई। पुलिस को सूचना देने पर भी एफआरवी नहीं पहुंची और थाने वाले अपहरण का मामला दर्ज नहीं कर रहे हैं।

### भोपाल आरटीओ पर कर्मचारी ने लगाया लंबित वेतन और पेंशन रुकवाने का आरोप

भोपाल आरटीओ में पदस्थ रहे सहायक ग्रेड 3 अधिकारी हरपाल सिंह बुंदेला ने भोपाल आरटीओ जितेंद्र शर्मा पर आरोप लगाया है कि भोपाल आरटीओ द्वारा उनका लंबित वेतन और पेंशन प्रभावित करवाने के लिए उन पर 933 दिवस के अकार्य दिवस का आरोप लगाया गया है। जबकि जिस अवधि में उनपर काम न करने का आरोप लगाया गया है। वे इन सभी दिनों काम पर उपस्थित थे। इसके लिए उन्होंने आरटीआई के तहत 1 जनवरी 2022 से 21 जुलाई 2024 तक के सीसीटीवी फुटेज आरटीआई के तहत मांगे हैं, लेकिन यह जानकारी कार्यालय द्वारा नहीं दी जा रही है। समस्या के चलते वे लंबे समय से मकान का किराया नहीं दे सके हैं और उनकी कैंसर पीड़िता पत्नी का इलाज भी ठीक तरह से नहीं हो पा रहा है। पीड़ित ने सेवनिवृत्ति प्रकरण का हल किसी अन्य अधिकारी से करवाने की गुहार लगाई है। हालांकि इस मामले में भोपाल आरटीओ को ही आवेदन प्रेषित किया गया है।



## एम्स में आएंगी मशीनें, होगा दिल का इलाज आसान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल में अब दिन के मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा। यहां हार्ट की बारीक नसों की जांच संभव हो सकेगी। जानकारी अनुसार एम्स भोपाल में डेढ़ करोड़ रुपए की आईवीयूएस (इंट्रावेस्कुलर अल्ट्रासाउंड) मशीन लगाई जा रही है। इसके साथ ही एक एडवांस ईको-कार्डियोग्राफी मशीन भी आएगी। दोनों मशीनें आईसीआईसीआई फाउंडेशन के द्वारा दिए गए 3 करोड़ रुपए के सीएसआर सहयोग से खरीदी जाएंगी। अब तक हार्ट ब्लॉकेज की जांच एंजियोग्राफी से होती थी, जिसमें नस की सिर्फ बाहरी तस्वीर मिलती थी। आईवीयूएस मशीन से नस के अंदर अल्ट्रासाउंड करके ब्लॉकेज की मोटाई, लंबाई और असली गंभीरता साफ दिखाई देगी। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि डॉक्टर सही साइज और सही जगह स्टेंट लगा सकेंगे। अनावश्यक स्टेंट से बचाव होगा और दोबारा ब्लॉकेज का खतरा भी घटेगा। हाई-रिस्क मरीजों-जैसे डायबिटीज या मल्टी-वेसल डिजीज में इलाज और ज्यादा सुरक्षित होगा। दूसरी ओर, नई एडवांस ईको-कार्डियोग्राफी मशीन से बच्चों के दिल की जन्मजात बीमारियों की पहचान और इलाज आसान हो जाएगा। हार्ट में छेद और वाल्व की खराबी जैसे मामलों में अब ओपन हार्ट सर्जरी की जरूरत कम पड़ेगी। डॉक्टर कैथेटर आधारित तकनीक से बिना चीर-फाड़ छेद बंद कर सकेंगे। इससे बच्चों को जल्दी रिकवरी, कम दर्द और कम खर्च का लाभ मिलेगा। बता दें कि एम्स भोपाल पहले ही तीन सफल हार्ट ट्रांसप्लांट कर चुका है। नई मशीनों के आने से सेंट्रल इंडिया में हार्ट ट्रीटमेंट की ताकत और बढ़ेगी। मरीजों को महंगे टेस्ट और इलाज के लिए दिल्ली-मुंबई नहीं जाना पड़ेगा।

## अतिक्रमण अमले के जाते ही दुकान के बाहर सामान रखने लगे व्यापारी

### मंगलवारा से आजाद मार्केट तक निगम अमले ने फिर हटाए अतिक्रमण

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** पुराने भोपाल के आजाद मार्केट और मंगलवारा इलाके में दुकानदार नगर निगम का सहयोग नहीं कर रहे हैं। नतीजतन वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार अमले को देखकर अपनी टेबलें और काउंटर अंदर कर लेते हैं और अमले के जाते ही दुकानें फिर से सड़क पर सज जाती हैं, जिसके कारण सड़क संकरी हो जाती है और वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिलती। इसके अलावा ठेलों और गुमटियों का अतिक्रमण भी आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। समस्या के चलते नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने मंगलवार को एक बार फिर मंगलवारा से आजाद मार्केट, जुमेराती, घोड़ा नक्कास और पुरानी सब्जी मंडी में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की। इस दौरान लगभग 1 ट्रक सामान जब्त किया गया। बता दें कि



इसके पहले निगम अमले ने चार दिनों तक कार्रवाई करते हुए चौक बाजार, जुमेराती, आजाद मार्केट, जनकपुरी, जुमेराती, मंगलवार, घोड़ा नक्कास व इतवार सहित अन्य बाजारों से अतिक्रमण हटवाए थे। बड़ी संख्या में दुकानों से शेड हटवाने के साथ ही अन्य सामान भी जब्त किया गया।

## इबादत में गुजरी शब ए बारात



**नगर संवाददाता, भोपाल।** मुस्लिम समाज का त्योहार शब-ए-बारात पूरी शिद्दत और अकीदत के साथ मनाया गया। इस्लाम में शब ए बारात की खास अहमियत है। इस रात को इबादतों की रात कहा जाता है। इसलिए मुस्लिम समुदाय इस रात विशेष इबादत करता है। शाम सात बजे के आस पास होने वाली मगरिब की नमाज से शुरू होने वाला इबादत का सिलसिला सुबह 5 बजे होने वाली फजिर की नमाज तक चला। शब ए बारात पर शहर के कब्रिस्तानों में बड़े पैमाने पर लोग पहुंचते हैं, और अपने सगे संबंधितयों की कब्र पर कुरआन की कुछ आयतें पढ़ते हैं, जिसे फातिहा कहा जाता है। ऑल इण्डिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अब्दुल नफीस ने बताया कि इस रात को बड़ी इबादत वाली रात माना जाता है। उन्होंने बताया कि शहर में कई स्थानों पर खुसूसी इबादत की गई, मंगलवारा मस्जिद, सुन्नी सकलैनी जामा मस्जिद अशोका गार्डन, खानकाह शरीफ मुईनिया चिश्तिया हुसैनिया आरिफ नगर सहित पीरगेट इमामीगेट निजामुद्दीन कॉलोनी, सोनागिरी, बाग सेवनिया, भेल, गांधी नगर, बैरागढ़, करोद भानपुर आदि अनेक मोहल्लों में पीरजादगान, सूफियों मशायखीन, और उलेमाओं की मौजूदगी में इबादत हुई और तबर्रूक तकसीम किया गया। चूंकि भोपाल के कब्रिस्तानों में सफाई की कमी है और कई कब्रिस्तान तो ऐसे हैं जहां लाइट और रास्तों की भी कमी है। ऐसे में मप्र जमीअत उलेमा हिंद ने सफाई अभियान की शुरूआत की है। जमीअत के प्रेस सचिव हाजी इमरान ने बताया कि जमीअत उलमा मध्यप्रदेश हाजी मोहम्मद हारून के मार्गदर्शन में मकबरा शाहजहां बेगम को समय समय पर साफ सफाई कर व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है एवं पुरातत्व विभाग नगर निगम मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड से भी भोपाल के ऐतिहासिक मकबरों के सुरक्षित करने की मांग की जा रही है। जमीअत की टीम ने अन्य कब्रिस्तानों की दुर्दशा को देखने के लिए कब्रिस्तानों का दौरा भी किया और बदहाल कब्रिस्तानों पर चिंता व्यक्त की।

## लड़कियों पर हमला करने वाले की तलाश में जुटे 65 पुलिसकर्मी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** थाना पिपलानी और अयोध्या नगर इलाके में आधा घंटे के अंदर तीन लड़कियों पर कटर से हमला करने वाले सिरफिरे का पांचवें दिन भी सुराग नहीं लगा। उसकी तलाश में दोनों थाने के अलावा क्राइम ब्रांच के कुल 65 पुलिसकर्मी दिनरात लगे हैं। पुलिस अब तक करीब 240 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाल चुकी है। पेशन प्रो पर सवार काला दिखाने वाले बदमाश की अभी भी पूरी तरह से पहचान नहीं हो सकी है। राजधानी पुलिस के लिए अभी यह सिरफिरा सिरदर्द बना है। इधर, पिपलानी, अयोध्या नगर इलाके में रहने वाले लोग दहशत में हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर एक मेसेज वायरल हुआ है। महत्वपूर्ण सूचना बताकर दोनों थाना क्षेत्र के 10 किमी के दायरे में रात के समय लड़कियों को अकेले निकलने से मना किया है। इस मेसेज के चलने के बाद पुलिस की परेशानी बढ़ गई है। पुलिस ने उसके आने-जाने का रूट तैयार किया है। वह भानपुर तक दिखा, लेकिन इसके बाद गायब हो गया। जानकारी के मुताबिक, 29 जनवरी 2025 की रात करीब साढ़े दस बजे से ग्यारह बजे के बीच तीन लड़कियों पर सरेराह सिरफिरे से कटर से हमला कर दिया। जबकि इन लड़कियों का कोई कसूर नहीं था। न ही वह उस युवक को जानती थीं। पहली घटना सोनागिरी के ए और बी सेक्टर में हुई। युवक ने दो अलग-अलग युवतियों पर हमला कर घायल कर दिया। दोनों के पैर में कटर से हमला किया था। इसमें एक युवती 21 और दूसरी 22 साल की थी। बीच सड़क पर दोनों के साथ वारदात की गई। इसके बाद आरोपी अयोध्या नगर इलाके में बढ़ा। यहां 21 वर्षीय युवती घर जा रही थी। नरेला जोड़ के पास युवक ने सामने बाइक अड़ाकर हमला किया। बचाव में युवती झुक गई, उसकी नाक पर कटर लगा था।

## तीन दिवसीय 'महादेव-भोजपुर महोत्सव' 15 से

**जागरण, भोपाल।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा शिव-साधना और कला-सौंदर्य के दिव्य संगम के रूप में भोजपुर मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय महादेव भोजपुर महोत्सव का आयोजन 15 से 17 तक प्रतिदिन सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। संचालक संस्कृति एन.पी. ‍ ‍ ‍ ‍ ‍ नामदेव ने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिवस 15 फरवरी को सागर के ऋषि विश्वकर्मा के स्वर से लोकगायन होगा। इसके उपरांत सागर के उमेश नामदेव द्वारा प्रस्तुत बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य की प्रस्तुति होंगी। संध्या का शिखर क्षण मुंबई के सुप्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा के भक्ति गायन से सजेगा। द्वितीय दिवस 16 फरवरी को भोपाल की शीला त्रिपाठी का लोकगायन होगा। इसके पश्चात मुंबई की भावना शाह एवं साथी कलाकारों द्वारा शिव महिमा पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा। दूसरे दिन की अंतिम सभा में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अय्यर अपनी मधुर सुगम संगीत प्रस्तुति देंगी। अंतिम दिवस बलराम पुरोहित का लोकगायन, आकृति जैन एवं साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शिव-केंद्रित नृत्य नाटिका होगी। समापन अवसर पर कवि दिल्ली के अशोक चक्रधर, मुंबई के दिनेश बावरा समेत कई कवि अपनी सशक्त और भावपूर्ण रचनाओं से काव्यरस की अविरल धारा प्रवाहित करेंगे।

## पिता की लापरवाही के कारण इब्राहिम की हुई थी मौत, गिरफ्तार, भेजा जेल

### जीव संरक्षण अधिनियम में फरार चल रहा है आरोपी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गौतम नगर इलाके में तीसरी कक्षा के छात्र की पिता की लापरवाही के कारण मौत हुई थी। 12 साल के इब्राहिम ने घर में अवैध रूप से रखी पिस्टल से कनपटी पर खुद को गोली मार ली थी। पिता ने यह पिस्टल छिपा दी थी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ आर्म्स एक्ट, साक्ष्यों छिपाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपी पिता वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के मामले में इंदौर से फरार चल रहा है। इंदौर पुलिस भी उसकी गिरफ्तारी के लिए भोपाल आएगी। इब्राहिम की मौत के मामले पुलिस को उसके फूफा वाहिद नूर की तलाश है। वाहिद नूर बिलखिरिया इलाके से फरार चल रहा है। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 414 के तहत केस दर्ज है। वाहिद ने आदेश खाबरा द्वारा लूटे गए ट्रक का लोहा बेच दिया था। तब से पुलिस उसकी तलाश कर रही है।



### खेल-खेल में पिस्टल चली दी

थाना प्रभारी महेंद्र ठाकुर ने बताया कि करीम बख्श कालोनी निवासी इब्राहिम खान ने 31 जनवरी की रात घर में अलमारी में रखी पिस्टल से खुद को गोली मार ली थी।बच्चे ने खेल-खेल में लोडेड पिस्टल चला दी थी। परिवार ने बताया कि वह बालकनी में था, तभी किसी बाहरी व्यक्ति ने गोली मारी है। जांच में सामने आया कि घटना कमरे की थी। बच्चे ने खुद की कनपटी पर रखकर गोली चलाई। शार्ट पीएम रिपोर्ट में डाक्टरों ने भी पुष्टि की काफी नजदीक से गोली मारी है, जिससे कार्बन कण शरीर पर मिले थे।

**बैठक** — 5 मंजिला ऊंचा होगा संभाग आयुक्त कार्यालय, तैयार की इमारतों की डिजाइन

# मौजूदा जगह पर बनाई जाएगी कलेक्ट्रेट की 6 मंजिला इमारत

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल का नया कलेक्ट्रेट मौजूदा जगह पर ही बनाया जाएगा और इसकी इमारत 6 मंजिला होगी। वहीं संभाग आयुक्त कार्यालय की इमारत भी 5 मंजिला होगी। मंगलवार को पुराना सचिवालय में नवीन कलेक्ट्रेट भवन, संभाग आयुक्त कार्यालय और पुलिस महानिदेशक कार्यालय में संचालित होने वाले विभिन्न कार्यालयों में जगह की आवश्यकता के आंकलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने अधिकारियों के सामने नवीन भवनों की डिजाइन रखते हुए परिसर में लगने वाले विभिन्न कार्यालयों की जानकारी ली। साथ ही इन कार्यालयों को संचालित करने के लिए कितनी जगह की आवश्यकता होगी? इसके संबंध में भी अधिकारियों से बातचीत की। बता दें कि भोपाल में कलेक्ट्रेट भवन को बनाने को लेकर 11 बार तैयारी हुई है, लेकिन हर बार किसी न किसी वजह से नई इमारत का काम रुक जाता है। अंतिम बार प्रोफेसर कालोनी में 13 एकड़ क्षेत्रफल में 6 मंजिला इमारत बनाने की तैयारी कर ली गई थी, लेकिन आखिरी क्षणों में सांसद आलोक शर्मा के हस्तक्षेप के कारण कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण का काम रुक गया, जिसे अब पुराना सचिवालय स्थित पुरानी इमारत की जगह पर ही बनाने की तैयारी की जा रही है।



### यह होगा तीनों कार्यालयों के नवीन भवनों में खास

संभाग आयुक्त द्वारा बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार तीनों भवनों के भूतल पर वाहनों की पार्किंग और आम लोगों के बैठने के लिए एसी चैंबर होंगे। आम लोगों के कामकाज वाले कार्यालय पहले, दूसरे और तीसरे तल पर लगेंगे। जबकि ऊपरी मंजिलों को कार्यालयीन काम निपटाने और रिकॉर्ड रूम के लिए उपयोग किया जाएगा। बता दें कि अभी कलेक्ट्रेट और संभाग आयुक्त कार्यालय में वाहन पार्किंग, आम लोगों के लिए शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का टोटा है, जिसके कारण कई बार महिलाओं को परेशान होना पड़ता है। जनसुनवाई के दौरान भी आम लोगों को गर्मी में सभाकक्ष के बाहर ही बैठना पड़ता है।

**ईको फ्रेंडली होंगी इमारतें:** यह तीनों इमारतें पर्यावरण के अनुकूल बनाई जाएंगी, जिसमें बारिश का पानी सहेजने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा। बिजली के सौलर पैनल व अन्य सुविधाएं भी की जाएंगी।

### कलेक्ट्रेट भवन में बनाए जाएंगे यह कार्यालय

नवीन कलेक्ट्रेट भवन में एडीएम साउथ, एडीएम नॉर्थ, शस्त्र लाइसेंस कार्यालय, खाद्य आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय, भारत निर्वाचन आयोग कार्यालय, दोनों एडीएम मुख्यालय व आबकारी कार्यालय सहित लोक सेवा केंद्र का भी निर्माण किया जाएगा। यह सभी कार्यालय पहली व दूसरी मंजिल पर लगेंगे। कलेक्टर कार्यालय, सभाकक्ष सहित कलेक्टर के स्टाफ के लिए तीसरी मंजिल पर कार्यालय बनाए जाएंगे। ऊपरी की मंजिलों पर रिकॉर्ड रूम सहित अन्य स्थान रहेंगे। वहीं संभाग आयुक्त कार्यालय में बैंक व पोस्ट ऑफिस का भी निर्माण किया जाएगा। संभागीय जनसंपर्क कार्यालय, कृषि अधिकारियों के लिए भी कार्यालय बनाए जाएंगे। हालांकि अभी सभी कार्यालयों के लिए डिजाइन व जगह के लिए जानकारी मांगी है। जगह का आकलन होने और डिजाइन फाइनल होने के बाद ही आगे की कार्यवाही होगी। अधिकारियों के अनुसार संभवतः डिजाइन में भी बदलाव किए जा सकते हैं।

## चैंबर चुनाव की स्थिति साफ, उन्नति पैनल अध्यक्ष समेत 19 पदों पर जीता

**भोपाल।** भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनावों के पूरे परिणाम मंगलवार सुबह घोषित कर दिए गए। वहीं कार्यकारिणी के वोटों की गिनती मंगलवार सुबह तक जारी रही। मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे अंतिम परिणाम के साथ ही भोपाल चैंबर की पूरी कार्यकारिणी तय हो गई। अब अगले तीन साल तक चेंबर के मुखिया गोविंद गोयल होंगें। उन्नति पैनल की तरफ से उन्होंने चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए प्रगतिशील पैनल के प्रत्याशी तेजकुलपाल सिंह पाली को 101 वोटों के अंतर से हराया। चैंबर में अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष के चार पद थे। इनमें से दो पदों पर उन्नति पैनल के प्रत्याशी जीते, वहीं दो पद प्रगतिशील पैनल के खाते में गए। महामंत्री के पद पर प्रगतिशील पैनल के ललित तांतेड़ ने उन्नति पैनल के विनोद जैन एमपीटी को हराकर जीत हासिल की। इसके अलावा मंत्री के तीन पदों पर उन्नति पैनल के अजय देवनानी अज्जू, संजीव जैन गेहूं, सुनील जेनाविन को जीत मिली।

# टर्निंग पाइंट पर ट्रांसफार्मर, सड़क पर बिजली के खंबे दे रहे हादसे को न्यौता

## पहले के ट्रांसफार्मर हटे नहीं, लेफ्ट टर्न पर पैदा कर दी नई समस्या

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** इसे ठेकेदार की लापरवाही कहा जाए या मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों की नासमझी, जहां कुछ साल पूर्व इलाहबाद बैंक रोड पर सड़क किनारे, जहां से आलीशान शापिंग पार्किंग कॉम्पलेक्स जाने का रास्ता है, वहां टर्निंग पाइंट पर ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया, जो लंबे समय से व्यापारियों एवं कॉम्पलेक्स में पार्क होने के लिए जाने वाली कारों एवं स्कूटर चालकों के लिए मुसीबत बना हुआ है और उसकी आड़ में चाट पकोड़ी के ठेलों का अतिक्रमण है, जिसकी वजह से सड़क की चौड़ाई आधी रह गई है और यहां बार-बार जाम लग रहा है,

वहीं लगती 300 मीटर नगर निगम फायर स्टेशन के समीप एफ वार्ड की मुख्य सड़क जो भोपाल इंदौर राजमार्ग पर आकर मिलती है, जो हिस्सा लेफ्ट टर्न कहलाती है, जहां अक्सर स्कूटर सवार मुख्य मार्ग पर आकर मिलते हैं, वहां सड़क के बीचों बीच बिजली के खंबे गाड़ दिए गए हैं, जहां अब ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा। इस तरह इलाहबाद बैंक के समीप की गलती को पूर्व के अधिकारियों की तरह बिजली कंपनी के वर्तमान अधिकारी दोहरा रहे हैं, जो आने वाले दिनों में दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है।



### केंद्र सरकार की स्कीम

केंद्र सरकार की एक स्कीम के अंतर्गत पिछले एक साल से संत हिरदाराम नगर और आस पास के इलाकों में 1.50 करोड़ की लागत से ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली के लोड को बांटने का काम किया जा रहा है, एक तरफ तो अधिक लोड के कारण बिजली बंद न हो, इसके प्रयास हो रहे हैं, दूसरी तरफ बेतरतीब ढंग से जगह-जगह सड़कों के बीच खंबे लगाए जा रहे हैं। ऐसे में न केवल अधिकारियों की सूझ बूझ पर संदेह प्रकट होता है बल्कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी आम जनता में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### दुर्घटना की आशंका

इधर जहां बिजली के खंबे लगाए गए हैं, उसके समीप से ही प्रदेश की पहली सिक्स लेन एलीवेटेड फलाई ओवर का निर्माण हो रहा है, जिस कारण आधे से अधिक सड़क पर टीन की चदरें लगाकर मार्ग को बंद कर दिया गया है, जिसके बाद सड़क की चौड़ाई आधे से भी कम रह गई है, दूसरे जहां बिजली के खंबे लगाए हैं, वह इस मार्ग पर प्रमुख चौराहा है, जहां एक रास्ता बी ओल्ड वार्ड, सेवा सदन, पुलिस थाने, दूसरा एफ वार्ड प्रेम रामचंदानी मार्ग को जाता है, जबकि मुख्य मार्ग का यह प्रमुख चौराहा है, जहां आस पास बस स्टैंड, कपड़े का थोक बाजार स्थित है, समीप ही अस्थाई आटो रिक्शा स्टैंड भी है, जहां खंबे लगाए गए हैं, वहीं से दोपहिया वाहन चालक संत हिरदाराम कपड़ा मार्केट एवं बाजार को जाते हैं, ऐसे में खंबे न केवल यातायात में बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न करेंगे, बल्कि भविष्य में जब ट्रैफिक बढ़ेगा, तब दुर्घटनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता।



"बिजली कंपनी जहां पूर्व में इलाहबाद बैंक के समीप लगे ट्रांसफार्मर को हटाने में नाकाम रही है, वहीं फायर स्टेशन के बार सड़क के बीचों बीच खंबे गाढ़ दिए हैं, ऐसे में दुर्घटनाओं की आशंका हमेशा बनी रहेगी। इन्हें तुरंत हटाया जाए।

\- **कन्हैयालाल इसरानी**, अध्यक्ष कपड़ा एसोसिएशन



"बिजली कंपनी के अधिकारियों को इतना तो सोचना चाहिए कि बिजली समस्या के निराकरण के लिए खंबे लगाए जा रहे हैं या लोगों को मौत के मुंह में धकेलने के लिए। खंबे बहुत ही गलत तरीके से लगाए गए हैं।

\- **नरेश चोटरानी**, उपाध्यक्ष, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत

# बिगड़ते ट्रैफिक को सुधारने बड़े अधिकारियों ने संभाला मोर्चा

## एलीवेटेड फ्लाईओवर निर्माण कार्य से लग रहा जाम



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर में भोपाल-इंदौर राजमार्ग पर जहां सिक्स लेन एलीवेटेड फ्लाईओवर का काम चल रहा है, टीन की चदरें लगाकर आधे से अधिक मार्ग को बंद कर दिया गया है, वहां का ट्रैफिक दिन प्रतिदिन पैचीदा होता जा रहा है, चूंकि इसी मार्ग से अनेक वीआईपी जिसमें कुछ मंत्रियों के अलावा विधायक एवं आईएएस व आइपीएस अधिकारी भी शामिल हैं, गुजरते समय जाम में फंस रहे हैं। चूंकि शादियों का सीजन प्रारंभ हो चुका है और 14 फरवरी के बाद तो इसकी धूम मचेगी, ऐसे में प्रदेश के अलावा राजधानी भोपाल के कोने-कोने से ग्राहक यहां आकर खरीदी करने लगे हैं, जिसके चलते जाम लग रहा है। वर्तमान पार्किंग कॉम्पलेक्स नाकाफी साबित हो रहा है, भले ही मुख्य मार्ग पर टीन की चदरें कुछ जगहों से हटाकर पार्किंग की जगह बनाई गई है, पर उससे समस्या हल नहीं हो रही है। यही कारण है कि मंगलवार को यहां ट्रैफिक के आला अधिकारी एसीपी देवेंद्र यादव, निरीक्षक आरती कटीजा ने मोर्चा संभाला। एसीपी देवेंद्र यादव ने इस प्रतिनिधि को बताया कि जहां-जहां सिक्स लेन ओवर ब्रिज के पिलर खड़े कर दिए गए हैं, वहां टीन की चादरों को भीतर खिसकाने पर विचार किया जा रहा है, शिव मंदिर चौराहे पर ऐसा किया भी गया है, जिसके बाद अधिक संख्या में वाहन पार्क हो सकेंगे। आने वाले दिनों में अन्य जगहों को भी चिन्हित कर वहां भी इसी तरह की व्यवस्था कायम की जाएगी, ताकि धीरे-धीरे ट्रैफिक व्यवस्था सामान्य हो सके।

# संत हिरदाराम नगर में सीवेज सिस्टम के बुरे हाल, सड़कों पर फैल रहा पानी

## आयुक्त से मिले पार्षद हिंगोरानी सौंपा ज्ञापन

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत नगर के बाशिंदे लंबे समय से सीवेज सिस्टम के बिगड़ते हालत से त्रस्त हैं। जहां-जहां पूर्व की सीवेज लाइन बिछी है, बढ़ती आबादी का बोझ ढोने में असमर्थ है, इस कारण आए दिन जगह-जगह चैंबर चौक हो रहे हैं, और गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, इससे आम नागरिकों का बुरा हाल है। एमआईसी सदस्य एवं वार्ड-4 के भाजपा पार्षद राजेश हिंगोरानी ने नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और संत हिरदाराम नगर जोन एक के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में अमृत योजना के तहत सीवेज सिस्टम का जाल बिछाने का आग्रह किया।

### कमिश्नर ने दिलाया भरोसा

मुलाकात के दौरान राजेश हिंगोरानी ने नगर निगम कमिश्नर को बताया कि संत हिरदाराम नगर जोन एक के अंतर्गत आने वाले वार्डों में सीवेज सिस्टम काफी पुराना हो चुका है, और आए दिन लोगों की शिकायत आती है कि चैंबर चौक हो रहे हैं, क्योंकि कई जगहों पर पाइप लाइन बढ़ती आबादी का बोझ ढोने में असमर्थ हो गई हैं, यही कारण है कि सीवेज के चैंबर ओवर फ्लो हो रहे हैं और सारी गंदगी सड़कों पर फेल रही है, इससे इतनी बदबू फैलती है कि रहवासियों के साथ ही राहगीरों का भी गुजरना मुश्किल को रहा है। राजेश हिंगोरानी ने कमिश्नर को बताया कि अमृत योजना के तहत जोन एक के अंतर्गत शामिल तीनों वार्डों के लिए राशि स्वीकृत की जा चुकी है और वर्क आर्डर भी जारी हो चुके हैं, बावजूद इसके काम प्रारंभ नहीं हो रहा है। उन्होंने अमृत योजना के तहत समूचे संत हिरदाराम नगर को नवीन सीवेज सिस्टम से जोड़ने और इस पर तत्काल अमल कराते हुए काम में तेजी लाने का भी आग्रह किया। कमिश्नर ने इसके लिए आवश्यक निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को देने का भरोसा दिलाया।



# मंडीदीप से जैन तीर्थों व अयोध्या धाम की सामूहिक तीर्थ यात्रा 7 फरवरी से

**जागरण, मंडीदीप।** आध्यात्मिक शांति, धर्म लाभ और आत्मिक जागरण की भावना को लेकर मंडीदीप से पावन जैन तीर्थों एवं अयोध्या धाम की सामूहिक तीर्थ वंदना यात्रा शुरू की जा रहा है। यह यात्रा शनिवार 7 फरवरी से प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार यह यात्रा केवल भ्रमण नहीं, बल्कि श्रद्धा, साधना और समर्पण के साथ आत्मा को शांति प्रदान करने का माध्यम है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु थोबन, चंदेरी, गोलाकोट, सोनागिर, करगुवा सहित अनेक प्रमुख जैन तीर्थों के दर्शन करेंगे। इसके बाद लखनऊ, काकोरी होते हुए अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि के दर्शन करेंगे। आगे रतनगिरी, काकंदी, श्रावस्ती और बनारस जैसे स्थलों के दर्शन के बाद यात्रा कटनी, बिलहरी, गोसलपुर, पनागर और जबलपुर होते हुए पुनः मंडीदीप में संपन्न होगी। प्रत्येक प्रमुख पड़ाव पर रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। यात्रा पूरी तरह अनुशासित, सुरक्षित और धार्मिक वातावरण में संचालित की जाएगी।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, मांगीलाल यादव S/O कुंवरजी यादव, निवासी- A-111, A-Block, वैधनाथ धाम, लांबाखेड़ा, भोपाल (462038), यह घोषित करता हूँ कि मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम मांगीलाल कुंवरजी लिखा हुआ है। मांगीलाल कुंवरजी और मांगीलाल यादव दोनों एक ही व्यक्ति (मैं स्वयं) हैं। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम **मांगीलाल यादव** से ही जाना जाए।

**FOR CHANGE NAME OF CHILDREN OF VETERANS AND SERVING SODIERS**

I,JC-533449L Rank Sub Name **Manmohan Singh** presently residing at Vill - Jakh, PO- Jakh, Teh- Karanprayag, Distt- Chamoli, State- UK, PIN- 246444 I declared that the name of my son (name of son) has erroneously been mentioned in my service documents as Saurav Singh (as per service docu) whereas, the correct name of my son **Saurav Dangwal** (as per proposed name /new name). That now I wants to endorse the correct name of my son in my service documents.

# गौहरगंज पंचायत भवन में दोपहर में जड़ा ताला, हितग्राही परेशान




**जागरण संवाददाता, औबेदुल्लागंज।** सार्वजनिक सेवा के केंद्र गौहरगंज पंचायत भवन को समय से पहले बंद कर दिया। इसका सीधा असर उन ग्रामीणों पर पड़ा, जो अक्सर दूर-दराज के इलाकों से अपना काम छोड़कर आते हैं। गौहरगंज में दोपहर के समय ही ताला जड़ देने से हितग्राहियों को जो असुविधा हुई। यह प्रशासनिक लापरवाही का एक गंभीर उदाहरण है। पंचायत भवन बंद होने के कारण अनेक हितग्राहियों को परेशान होते देखा गया। कई ग्रामीण मजदूरी छोड़कर आते हैं। काम न होने से उनका पूरा दिन बर्बाद हो जाता है। वहीं प्रमाण-पत्र, पेंशन या अन्य सरकारी योजनाओं के फॉर्म जमा करने वाले हितग्राही भी पंचायत भवन का चक्कर लगाते दिखे। लोगों का कहना है कि पंचायत भवन के सचिव-सरपंच के गैरजिम्मेदाराना रवैए से सरकारी तंत्र से भरोसा कम होता जा रहा है। कुछ ग्रामीणों ने गौहरगंज के जनपद पंचायत सीईओ को इसकी लिखित शिकायत करने की बात भी कही।

# सुषमा स्वराज की जयंती पर निकुंज कामरा देंगी भजनों की प्रस्तुति

**जागरण संवाददाता, औबेदुल्लागंज।** आगामी 14 फरवरी स्व. सुषमा स्वराज की जयंती पर स्थानीय दशहरा मैदान में विशाल भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इस मौके पर नई दिल्ली की मशहूर गायिका निकुंज कामरा अपनी सुमधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम आयोजक जयप्रकाश शर्मा व उनके मित्र मंडल के सहयोगी सदस्यों ने बताया कि उक्त आयोजन शाम 7 बजे से आयोजित किया जाएगा, जो देर रात तक चलेगा। आयोजन के दौरान रात आठ बजे से विशाल भंडारा भी आयोजित होगा। नगर के प्रतिष्ठित शर्मा परिवार हिरानिया ने धार्मिक आयोजन में शामिल होकर आयोजन में अपनी सहभागिता देने की अपील नगर के सभी जनमानस से की है।



**आम सूचना**

(मकान नंबर-08 एरिया 1600 वर्गफुट, स्थित-नियामपुरा शाहजहाँनाबाद वार्ड नंबर-8 भोपाल)

मैं अपने पक्षकारों के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती शहनाज हसन पत्नि श्री नजमुल हसन निवासी-मकान नंबर-8 ताहिरा मंजिल, नियामतपुरा शाहजहाँनाबाद भोपाल के स्वामित्व, आधिपत्य का मकान नंबर-08 सम्पूर्ण एरिया 1600 वर्गफुट, स्थित-नियामपुरा शाहजहाँनाबाद वार्ड नंबर-8 भोपाल विक्रय किया, भूमि स्थित-नियामपुरा शाहजहाँनाबाद वार्ड नंबर-8 भोपाल जिसकी चतुर्थ सीमाएं निम्नलिखित है:- दिशा पूरब में:-मकान बरकत अहमद का। दिशा पश्चिम में:-मकान मिस्बाह उल हसन साहब का। दिशा उत्तर में:-संपति नजमुल हसन के स्वामित्व की गली 10 फिट चौड़ी। दिशा दक्षिण में :-गली 10 फीट चौड़ी । उक्त मकान नंबर-08 सम्पूर्ण (भू-तल से लेकर आसमां तक) को मेरे पक्षकार को विक्रय कर बयाना राशि प्राप्त कर ली है, यदि उपरोक्त वर्णित मकान में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व, अधिपत्य, हित, ऋण, बंधक (साम्यिक) भार अथवा किसी भी प्रकार का विवाद हो तो, वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के दस (10) दिवस के अवधि के अन्दर मुझे मेरे कार्यालय में कार्यालीन समय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नहीं होगी और मेरा पक्षकार उपरोक्त मकान के विक्रय पत्र का पंजीयन तत्पश्चात् नामांतरण अपने पक्ष में करवाने को स्वतंत्र होगा।

भवदीय **जलील खान** अधिवक्ता
फारुकी लॉ चेम्बर, परीबाजार, शाहजहांनाबाद भोपाल
मोबाईल:-9303135959, समय:-11 am to 5pm

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई डी. नं. 0100080108, आवेदन क्रमांक-10922, आवेदन दिनांक-27/01/2026

क्रमांक 1019/राजस्व/भोविप्रा/26 भोपाल दिनांक : 03/02/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की विद्या नगर योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-108 सेक्टर-सी, श्रीमती सिया रघुवंशी पत्नी श्री केवल सिंह रघुवंशी के नाम पर अंकित है। आवंटी श्रीमती सिया रघुवंशी का स्वर्गवास दिनांक 09/01/2026 को हो जाने के कारण स्व. श्रीमती सिया रघुवंशी द्वारा दिनांक 30/10/2015 को की गई पंजीकृत वसीयत मे उक्त भूखण्ड श्रीमती अनामिका रघुवंशी पत्नी श्री अभिषेक रघुवंशी एवं श्रीमती निशा रघुवंशी पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी को दिये जाने एवं पति श्री केवल सिंह रघुवंशी को उक्त मकान में जीवनभर रहने का उल्लेख किया गया। प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती अनामिका रघुवंशी एवं श्रीमती निशा रघुवंशी द्वारा अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**जाहिर सूचना**

खसरा क्रमांक– 152/1/ 5 (एस ) रकबा 0.059 हेक्टेयर अर्थात् 6500 वर्गफिट भूमि ग्राम अरेडी पटवारी, विकास खण्ड फन्दा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. के संबंध में

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि उन्होंने श्री मनोज टी.वी. आत्मज स्व. श्री भास्करण दास आयु वयस्क निवासी मकान नं.– 206, कर्मवीर नगर, जे. के. रोड, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति का विवरण :– यह एक किता कृषि भूमि जिसका खसरा क्रमांक– 152/1/ 5 (एस ) रकबा 0.059 हेक्टेयर अर्थात 6500 वर्गफिट भूमि को विक्रय किया जा रहा है, जो कि ग्राम अरेडी पटवारी हल्का नं.– 20/38, विकास खण्ड फन्दा, नगर निगम सीमाओं के बाहर तहसील हंजूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है, जिसको विक्रय किया जा रहा है। जिसका ऋण पुस्तिका क्रमांक 049229 है, जिसकी चतुर्थ सीमाऐं निम्नानुसार है:– दिशा पूरब में – अन्य की भूमि एवं फार्म नं.– 07, दिशा पश्चिम में – खसरा अन्य का, दिशा उत्तर में –सरकारी रास्ता, दिशा दक्षिण में – अन्य की भूमि , को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उक्त सम्पत्ति अथवा उसके किसी भाग पर किसी व्यक्ति, संस्था, राष्ट्रीयकृत बैंक निजी बैंक का कोई ऋण भार, दान, बंधक या अनुबंध हो अथवा उक्त संपत्ति से संबंधित कोई दस्तावेज हो अथवा उक्त दस्तावेज से किसी के कोई हित प्रभावित हों तो वे इस आम सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में दस्तावेजी साक्ष्य सहित मेरे समक्ष निम्न पते पर लिखित में सूचना प्रस्तुत करने का कष्ट करें। अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

**हरीश बब्बर** अधिवक्ता
9826291761
9826071197

**सूचना पत्र**
**न्यायालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाऐं भोपाल संभाग भोपाल**

कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थायें
तृतीय तल विन्ध्याचल भवन भोपाल
समक्ष: - के. के. द्विवेदी, संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थायें भोपाल संभाग भोपाल

प्रकरण क्रमांक -JR/BPL / 58 (B)/2025-26/00002
क्रमांक / रीडर / 2026 / 19 भोपाल, दिनांक 27/1/2026

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. होशंगाबाद,
द्वारा महाप्रबंधक । ..........................................आवेदक

विरूद्ध

1. जगदेव सिंह रघुवंशी,
2. गंगाचरण दुबे,
3. पियूष शर्मा,
4. लखन सिंह मोर्य,
5. श्रीमती माया कौल,
6. श्रीमती सावित्री बाई,
7. श्री रेवा राम / जय राम,
8. श्रीमती शिला यादव,
9. श्री पुष्पराज सिंह,
10. श्रीमती भगवती बाई,
11. नर्मदा प्रसाद पटेल,
12. श्री सतीशचंद्र मोदी,
13. श्री हेमरा सिंह, ..............................अनावेदकगण / आरोपी पक्षकार

**विषय: - म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 58 ( बी ) के अंतर्गत सुनवाई हेतु सूचना पत्र।**

--00--

उपरोक्त सूचना पत्र द्वारा सभी अनावेदकगण / आरोपी पक्षकारों को सूचित किया जाता हैं कि उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु इस न्यायालय में **पेशी दिनांक 17.03.2026** नियत की गई हैं। अत: उक्त दिनांक को न्यायालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थायें भोपाल संभाग भोपाल **समक्ष: - के. के. द्विवेदी, संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थायें भोपाल संभाग भोपाल स्थान:- कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाऐं म.प्र. तृतीय तल विन्ध्याचल भवन भोपाल में समय दोपहर 3.00 बजे** उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। इस सूचना पत्र द्वारा यह भी सूचित किया जाता हैं कि यदि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त दिनांक को नियत स्थान एवं समय पर उपस्थित नहीं हुए तो प्रकरण में एक पक्षीय आधार पर कार्यवाही की जावेगी।

जी-25292/25

(के. के. द्विवेदी)
संयुक्त पंजीयक
सहकारी संस्थायें
भोपाल संभाग भोपाल

बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंजिल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई. एम. टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**
**सार्वजनिक सूचना**

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा ( 4 ) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1855 दिनांक:-21/01/2026

**संदर्भ :**

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (6) कम्पनियों का नाम मध्य प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में :

| S No. | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC1290673 | U62099MP2024PTC073093 | ज़ीमेलॉन टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC1067083 | U52399MP2021PTC054731 | थिंकली सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC0052411 | U41001MP2025PTC075379 | फाइन बिल्डर्स एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC1181524 | U32204MP1995PTC010226 | टेलीमैटिक इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AC1049247 | U31005MP2023PTC069033 | कियाना कम्फर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AC1076849 | U27201MP2023PTC066804 | विंध्यांचल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अत: कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0638/2526

## SUDOKU 137

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 7 | | | 4 | | | |
| 5 | | | | 7 | | 1 | | |
| | 4 | | | | 8 | | | 2 |
| 3 | | 2 | | | 6 | | | |
| | | | 5 | | 2 | | | |
| | | | 8 | | | 9 | | 3 |
| 8 | | | 6 | | | | 9 | |
| | | 9 | | 2 | | | | 8 |
| | | | 4 | | | 6 | | 5 |

## SOLUTIONS 136

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 9 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 5 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 4 | 8 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 9 | 1 | 6 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

# राशिफल

**मेष :** आज का दिन सामान्य रहने वाला है। कामकाज में धीरे-धीरे बात बनेगी, बस जल्दबाजी से बचें। आज छोटे फैसले ज्यादा असर दिखा सकते हैं। पैसों को लेकर ज्यादा रिस्क न लें।

**वृषभ :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। काम में रफ्तार भले धीमी लगे, लेकिन मेहनत बेकार नहीं जाएगी। छोटी बचत आगे काम आ सकती है।

**मिथुन :** आज दिमाग में कई बातें चलेंगी। एक साथ बहुत कुछ करने के बजाय एक काम पर ध्यान दें। सेहत के लिहाज से दिन सामान्य है।

**कर्क :** आज आपका ध्यान परिवार और निजी जिंदगी पर रहेगा। घर से जुड़ी कोई बात मन को सुकून दे सकती है। काम में धैर्य रखना जरूरी है। सेहत ठीक रहेगी।

**सिंह :** आज आप पर जिम्मेदारियां थोड़ी ज्यादा रह सकती हैं। काम में आपकी बात सुनी जाएगी, लेकिन अहंकार से दूरी रखें। पैसों के मामले में स्थिति स्थिर रहेगी।

**तुला :** दिन व्यवस्थित रहने वाला है। कामकाज में आपकी मेहनत दिखेगी और तारीफ भी मिल सकती है। पैसों का हिसाब साफ रखें।

**वृश्चिक :** मन में नए आइडिया आ सकते हैं। काम में बदलाव का फायदा मिल सकता है। पैसों में सुधार के संकेत हैं, लेकिन खर्च संभालकर करें। रिश्तों में दोस्ताना माहौल रहेगा।

**धनु :** संतुलन बनाकर चलना होगा। काम और घर दोनों जगह तालमेल जरूरी रहेगा। पैसों को लेकर कोई भी फैसला सोच-समझकर लें। रिश्तों में सहयोग मिलेगा।

**मकर :** आज बड़े बदलाव का दिन हो सकता है। काम में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है। पैसों की स्थिति सुधर सकती है।

**कुंभ :** आज आपको धैर्य से काम लेना होगा। काम में चीजें धीरे आगे बढ़ेंगी, लेकिन दिशा सही रहेगी। पैसों को लेकर प्लानिंग जरूरी है।

**कन्या :** आज आपके लिए मेहनत का दिन है। काम में आपकी लगन पहचान दिला सकती है। पैसों में स्थिरता बनी रहेगी।

**मीन :** आज का दिन थोड़ा शांत रहने वाला है। काम में धीरे-धीरे स्पष्टता आएगी। पैसों को लेकर संतुलन बनाए रखना जरूरी है। रिश्तों में भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा।

**आज का पंचांग:** 04 फरवरी बुधवार 2026। **दिशाशूल :** उत्तर। शुक्र उदय पश्चिम में, मांगलिक कार्य प्रारंभ। **भद्रा :** दो 12.25 मिनट से रात्रि 12 बजकर 10 मिनट तक। विक्रम संवत 2082 शके 1947 उत्तरायण, शिशिर ऋतु, फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की तृतीया तत्पश्चात चतुर्थी, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, अतिगंड योग 25 घंटे 05 मिनट तक तत्पश्चात सुकर्मा योग, सिंह में चंद्रमा 28 घंटे 20 मिनट तक तत्पश्चात कन्या में।

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.5 | 9.4 |
| मुंबई | 32.7 | 20.0 |
| चेन्नई | 34.6 | 17.5 |
| कोलकाता | 27.4 | 15.3 |

सूर्यास्त 6:09 PM
सूर्योदय 7:00 AM
चन्द्रोदय 7:42 AM
चन्द्रास्त 7:56 PM

### गुजरात और मध्यप्रदेश सरकार के बीच समझौता, धार जिले के कुक्षी में जेटी टर्मिनल का काम शुरू

# गुजरात-ओंकारेश्वर के बीच नर्मदा में चलेगा क्रूज

**जागरण, खंडवा।** बाम्बे-टू-गोवा की समुद्री यात्रा तो रूपहले पर्दे पर खूब प्रसिद्ध हुई। अब गुजरात के लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर ऊंची स्टैचू से ओंकारेश्वर के आदी शंकराचार्य की प्रतिमा यानी 'अद्वैतधाम' तक नर्मदाजी में क्रूज चलने की तैयारी है। 130 किलोमीटर तक मीठे पानी वाली मां नर्मदा में यात्री हिलोरों पर यात्रा का आनंद ले सकेंगे। इसके लिए एमओयू (समझौता ज्ञापन) भी गुजरात और मध्यप्रदेश सरकार के बीच हो चुका है। समाजसेवी और भाजपा प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा जिले के प्रभारी और प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने इसका खुलासा किया है। श्री लोधी ने कहा कि इस बीच आने वाले पर्यटन स्थलों की सैर भी क्रूज़ के यात्रियों को कराई जाएगी। ओंकारेश्वर से गुजरात के



केवड़िया यानी स्टैचू ऑफ यूनिटी तक क्रूज (पानी का जहाज) चलाया जाएगा।

### पर्यटन स्थलों का आनंद मिलेगा

दोनों सरकार के समझौते के बीच वर्तमान में मेघनाद धार कुक्षी के पास फ्लोटिंग जेटी टर्मिनल का कार्य चल रहा है। मीडिया से चर्चा के दौरान प्रवक्ता सुनील जैन बताया कि मप्र और गुजरात सरकार ने मिलकर पर्यटन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन किया है, जो जल्द ही मूर्त रूप लेने वाला है। पर्यटन इतिहास का बड़ा कदम दोनों ही प्रदेश के वासियों को मां नर्मदा में चलाये जाने वाले क्रूज के जरिए स्टैचू ऑफ वन नेस से लेकर स्टैचू ऑफ यूनिटी तक के पर्यटन स्थलों का आनंद मिल सकेगा। स्टैयू ऑफ वननेस से लेकर स्टैचू ऑफ यूनिटी तक के लिए प्रदेश के पर्यटन विभाग ने एक बड़ी ही महत्वपूर्ण योजना बनाई है, जिसमें इस क्षेत्र में नर्मदा नदी में क्रूज चलाने की योजना है।

### दो महापुरुषों की प्रतिमाओं की डोर बनेगा क्रूज

खंडवा जिले में ओंकारेश्वर स्टैचू ऑफ वननेस आदी शंकराचार्य की प्रतिमा के स्थान से नर्मदा जल मार्ग से पानी का जहाज क्रूज गुजरात की ओर कैवडीया स्टैचू ऑफ यूनिटी लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा तक चलने वाला है। मध्य प्रदेश और गुजरात सरकार के बीच इस जल मार्ग का एमओयू हो चुका है।

### मां की गोद में बैठकर कर सकेंगे यात्रा

खंडवा जिले के लिए मां नर्मदा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मानी गई है, इसलिए इनके पूजक भी बढ़ते जा रहे हैं। मां नर्मदा के किनारे अभी तक परिक्रमा होती थी। अब 130 किलोमीटर मां नर्मदा के बीच मां की गोद में बैठकर लोग इन दो प्रतिमाओं के बीच परिक्रमा कर सकेंगे।

### यहां की भी सैर हो सकेगी

दोनों प्रतिमाओं के अलावा ओंकारेश्वर, महेश्वर, मांडू, सरदार सरोवर और ऐसे कई पर्यटन स्थलों पर क्रूज़ रोककर यात्रियों को भ्रमण कराया जाएगा। श्री जैन ने बताया कि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री लोधी की बड़ी योजना से मप्र को बड़ा फायदा होगा। इसके लिए मेघनाद धार जिले के कुक्षी के पास एक फ्लोटिंग क्रूज़ का अड्डा बनाया जा रहा है।

## सिंहस्थ की तैयारी अब डिजिटल निगरानी में

**जागरण उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियां अब पूरी तरह हाईटेक होने जा रही हैं। उज्जैन में सिंहस्थ से जुड़े सभी विकास कार्य जीआईएस (जियोग्राफिकल इंफार्मेशन सिस्टम) एक्सपर्ट की निगरानी में किए जाएंगे। इसके लिए जिले में तीन जीआईएस एक्सपर्ट की नियुक्ति कर दी गई है, जिन्होंने कलेक्टर की सीधी निगरानी में काम भी शुरू कर दिया है। मध्यप्रदेश में सीमा से जुड़े विवादों को सुलझाने और विकास योजनाओं को बेहतर तरीके से जमीन पर उतारने के लिए राज्य सरकार 27 जिलों में जीआईएस एक्सपर्ट तैनात कर रही है। अब इन्हीं विशेषज्ञों की मदद सिंहस्थ की तैयारियों में भी ली जा रही है।

**जीआईएस एक्सपर्ट संभालेंगे जिम्मा**

इस साल उज्जैन के हर क्षेत्र का बारीकी से डिजिटल नक्शा तैयार किया जाएगा। शहर की गलियां, सड़कें, खुले मैदान, नाले, बिजली-पानी की लाइनें और संभावित विकास क्षेत्र—सब कुछ एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज किया जाएगा। इसी नक्शे के आधार पर आगे विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार होगी। एमपी इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीईडीसी) के अधिकारियों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में जीआईएस तकनीक के जरिए सड़क, बिजली, पानी, गैस पाइपलाइन, डिजिटल नेटवर्क और औद्योगिक क्षेत्रों को एक ही मैप पर दिखाया जा रहा है।

## खेल-खेल में बच्ची ने पानी में मिलाया कीटनाशक 10 परिजन अस्तपाल में



**जागरण, मंडला।** जिले में खेल-खेल में बड़ा कांड हो गया। घर पर खेलते समय चार साल की बच्ची ने पानी में कीटनाशक मिला दिया, जिससे परिवार के 10 सदस्य बीमार हो गए। आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है। दरअसल, यह पूरा मामला बागली गांव का है। अचानक परिवार के सभी सदस्यों को चक्कर, उल्टियां और बेहोशी जैसी हालत होने पर अफरा-तफरी मच गई। परिवार के सदस्यों से बात हुई तो पता चला कि एक 4 वर्षीय बच्ची ने पानी मे कीटनाशक मिलाया है, जिसे परिवार के लोगों ने पी लिया। आनन फानन में परिवार के सदस्यों को जिला अस्पताल ले जाया गया है। बीमार होने वालों में 5 बच्चे, 3 महिला और 2 पुरुष शामिल है। स्थिति को भांपते हुए जिला हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू किया। सभी लोगों की हालत स्थिर और सामान्य बताई जा रही है। समय रहते इलाज मिलने से बड़ी घटना होने से टल गई।

## विदेशी बीमारी न्यूरो-बेहसेट का ग्वालियर में मिला पहला केस



**जागरण, ग्वालियर।** जयारोग्य अस्पताल समूह के न्यूरोलॉजी विभाग में विदेशों में पाई जाने वाली एक दुर्लभ और गंभीर बीमारी न्यूरो बेसहेट की पुष्टि हुई है। 26 साल का एक युवक इस बीमारी की चपेट में आया। इस केस को प्रदेश में पहला केस बताया जा रहा है। दरअसल बीते कुछ दिनों पहले भर्ती हुए मरीज को तेज सिरदर्द, चलने में लड़खड़ाहट, दाहिने शरीर में कमजोरी व मुंह-जननांगों में छाले जैसे लक्षण पाए गए थे।
न्यूरोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. दिनेश उदेनिया ने मरीज का एमआरआई, एचएलए-बी 51 और बी 5 जांच कराई, जिसमें बीमारी कन्फर्म हुई। लंबे इलाज और सतत मॉनिटरिंग के बाद मरीज को राहत मिली और उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉक्टर्स की टीम ने मरीज को फॉलो अप के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि यह बीमारी विदेशों में युवाओं में ज्यादा देखी जाती है, खासकर जापान, चीन, कोरिया, तुर्की, ईरान और इराक जैसे देशों में इस बीमारी के केस सबसे ज्यादा मिलते हैं।

### सतना में ट्रैक्टर से मिक्सर मशीन खींचने बांधे तार से दर्दनाक हादसा

# तार में फंसकर कटी बाइक सवार की गर्दन, दो रिश्तेदार भी गंभीर



**जागरण, सतना।** प्रदेश के सतना में दर्दनाक हादसा में एक युवक की जान चली गई, जबकि उसके दो रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। देर रात शहर के कोठी रोड पर कंचनपुर अमरपाटन का रहने वाला रामजस चौधरी अपने रिश्तेदार अरविंद और रामप्रसाद चौधरी के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान रामजस की गर्दन तार में फंसकर कट गई। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठे दो अन्य रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। ये दर्दनाक हादसा रात को गढिया टोला कब्रिस्तान के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक ठेकेदार का कर्मचारी ट्रैक्टर से एक भारी-भरकम मिक्सर मशीन को तार से बांधकर सड़क के दूसरी ओर ले जा रहा था। इसी दौरान सिविल लाइन की तरफ से आ रहे बाइक सवार तीन युवक तार में उलझ गए और सड़क पर गिर पड़े। हादसे में बाइक चला रहे रामजस की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल अरविंद और रामप्रसाद को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### बहन के यहां कार्यक्रम में जा रहे थे

पुलिस के मुताबिक, मृतक और दोनों घायल मौसेरे भाई हैं। वे अपनी एक मौसेरी बहन की ससुराल बगहा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रामजस बाइक से सतना पहुंचा था। यहां से वो सिविल लाइन से अरविंद और रामप्रसाद के साथ बगहा के लिए निकला था। पुलिस ने ट्रैक्टर-मिक्सर मशीन को जब्त कर लिया है और ठेकेदार व संबंधित कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रेमिका को पाने उसके मासूम बेटे का गला घोंट नाले में फेंका, गिरफ्तार

**जागरण, शहडोल।** जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र से इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। प्रेमिका को पाने की सनक में युवक इस कदर अंधा हो गया कि उसने मासूमियत का गला घोंट दिया।



सात साल के बच्चे को अपने रास्ते का कांटा मानकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी और शव बंद पड़ी कोयला खदान में फेंक दिया। दरअसल आरोपी मोइशीन का झिल्ली दफाई क्षेत्र में मजदूरी करने वाली नंदनी कोल से प्रेम प्रसंग था। आरोपी नंदनी के साथ रहना चाहता था, लेकिन उसके दो छोटे बच्चे इस रिश्ते में बाधा बन रहे थे, इसी सनक में मोइशीन ने बच्चों को खत्म करने की साजिश रची और पहले सात वर्षीय ऋतिक कोल को निशाना बनाया। आरोपी मासूम ऋतिक को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और बगैय्या नाला के पास स्थित बंद पड़ी कोयला खदान में उसका गला घोंट दिया। हत्या के बाद बच्चे के शव को पानी से भरी खदान में फेंक दिया। पांच दिनों से लापता बच्चे का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

# आंगनबाड़ी में मधुमक्खियों का हमला महिला ने जान देकर बच्चों का बचाया

### नीमच में स्व सहायता समूह अध्यक्ष ने बच्चों को तिरपाल और दरी में लपेटा, खुद आईं चपेट में



**जागरण, नीमच।** प्रदेश के नीमच में एक आंगनबाड़ी केंद्र पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले के बाद केंद्र में खाना बनाने वाली स्वसहायता समूह की अध्यक्ष कंचन बाई मेघवाल अपनी जान की परवाह किये बिना बच्चों को मधुमक्खियों से बचाने उनके सामने खड़ी हो गईं। उन्होंने सभी बच्चों को तिरपाल और दरी में लपेटा। फिर अंदर के कमरे में भेजा। इस पूरी कवायद में कंचन बाई को कई मधुमक्खियों ने काट लिया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला नीमच जिले के रानपुर गांव का है। पीएम के बाद कंचन बाई का शव परिजनों को सौंपा गया। जानकारी अनुसार दोपहर को मडावदा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे बाहर खेल रहे थे। अचानक कई मधुमक्खियां वहां आ गईं और बच्चों को घेर लिया। यह देखकर कंचन बाई ने तुरंत हिम्मत दिखाई। उन्होंने पास पड़ी तिरपाल और दरी से बच्चों को ढंकना शुरू कर दिया। कंचन बाई बच्चों को बचाने के लिए खुद मधुमक्खियों के सामने खड़ी हो गईं, जब तक ग्रामीण मदद के लिए दौड़ते, सैकड़ों मधुमक्खियां कंचन बाई को बुरी तरह डंक मार चुकी थीं।

## रायसेन में बिजली बिल वसूली के लिए पहुंचे कर्मचारियों से मारपीट

**जागरण, रायसेन।** जिले के सिलवानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत साईंखेड़ा बरेली मार्ग पर उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब बकाया बिजली बिल वसूली के लिए पहुंचे बिजली कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट की। इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बिजली कंपनी के कर्मचारियों की टीम नियमित प्रक्रिया के तहत बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए संबंधित उपभोक्ता के यहां पहुंची थी। इसी दौरान उपभोक्ता के बेटों सोनू और मोनू शेजवार द्वारा कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज की गई, जिसके बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि कर्मचारियों पर ईंट से हमला किया गया और उनके साथ मारपीट भी की गई। घटना में शासकीय कार्य में लगे कर्मचारियों को चोटें आईं।

# चंबल राजघाट पर माफिया की डेढ़ करोड़ की रेत नष्ट

### मुरैना में 6 जेसबी से गड्ढे खोदकर ब्लॉक किए रास्ते

**जागरण, मुरैना।** जिले के चंबल राजघाट पर अवैध रेत खनन को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर सुबह 6 बजे टास्क फोर्स ने राजघाट में ऑपरेशन शुरू किया। राजस्व, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से डंप की गई रेत को नष्ट किया। कार्रवाई के दौरान करीब 5,500 से अधिक ट्रॉलियों की रेत, जिसकी कीमत लगभग 1.65 करोड़ रुपए आंकी गई, दोपहर 12 बजे तक नष्ट कर दी गई।



कार्रवाई के दौरान किसी मौके पर 250 से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती की गई। पूरा क्षेत्र को पुलिस छावनी बना दिया गया। यह पूरी कार्रवाई वन विभाग के डीएफओ हरिश्चंद्र बघेल और एडिशनल एसनी के नेतृत्व में की गई। टास्क फोर्स ने अवैध रूप से निकाली गई रेत को नष्ट करने के लिए 6 जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल किया। रेत माफिया द्वारा चंबल नदी तक पहुंचने के लिए बनाए रास्तों को भी जेसीबी की मदद से पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया। रेत माफिया के बनाए गए अस्थायी रास्तों को गहरे गड्ढे कर बंद कर दिया ताकि नदी तक ट्रैक्टर और गाड़ियों की आवाजाही न हो सके।

## बैंक ने दूसरे ग्राहक का सोना युवक को लौटाया

**जागरण, जबलपुर।** एक सरकारी बैंक की गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहां बैंक मैनेजर ने गलती से किसी दूसरे ग्राहक का सोना एक युवक को दे दिया। मामले की जानकारी लगते ही मंगलवार को युवक सोना वापस करने बैंक पहुंचा। जानकारी के मुताबिक युवक ने कृषि उपज मंडी स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में अपना सोना गिरवी रखकर 5 लाख का लोन लिया था। बैंक प्रबंधन की ओर से यह चूक हुई और युवक को गलत सोना सौंप दिया। युवक को जब पता चला कि उसे जो सोना दिया गया है, वह किसी दूसरे ग्राहक का है, तो वह तुरंत बैंक पहुंचा और सोना वापस कर दिया।

### बिजनेस प्लस

## पतंजलि में हुआ 'योगा ओलंपियाड ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम'



**हरिद्वार।** पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं वेलनेस, हरिद्वार में 'योगा ओलंपियाड ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम' का नौ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का पतंजलि अनुसंधान संस्थान एवं वेलनेस में संपन्न हुआ। 22 से 30 जनवरी तक चला प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा। यह कार्यक्रम योगदर्शन, मनोविज्ञान एवं आध्यात्मिकता पर आधारित था, जो आंतरिक शांति एवं आध्यात्मिक चिंतन की दिशा प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग सिक्किम सरकार के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, समानता एवं योग के व्यापक प्रसार को बढ़ावा देना रहा। शुभारंभ मेडिटेशन, शंख वादन और हवन पूजन से हुआ। अध्यक्षता करते हुए आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि योग प्राचीन भारत की एक समग्र शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक साधना है। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि नेचुरोपैथी अर्थात प्राकृतिक चिकित्सा एक औषधि-रहित उपचार पद्धति है, जो शरीर की स्वाभाविक उपचार क्षमता को सक्रिय करती है। इसमें संतुलित आहार, जड़ी-बूटियाँ, जल एवं मिट्टी चिकित्सा, योग, प्राणायाम, उपवास, सूर्य चिकित्सा एवं एक्यूपंक्चर के माध्यम से रोगों के मूल कारणों का उपचार किया जाता है। उन्होंने पतंजलि एवं सिक्किम सरकार के संयुक्त प्रयासों की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधियों के रूप में श्री अधिकारी एवं जामयांग भूटिया उपस्थित रहे। समापन अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें प्रतीक-चिह्न एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## सीएम हिमंता के नेतृत्व में असम में एआई-संचालित अस्पतालों की दिशा में बड़ा कदम

**गुवाहाटी।** असम को भविष्य-तैयार हेल्थकेयर की ओर ले जाते हुए लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में दुनिया के पहले एआई-आधारित,



कॉन्टैक्टलेस रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग सिस्टम की सफल स्थापना की है। इस अत्याधुनिक प्रणाली का उद्घाटन मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने किया, जिससे असम एआई-सक्षम पब्लिक हेल्थकेयर मॉडल को अपनाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। नए मेडिकल कॉलेज कॉम्प्लेक्स के स्टेप-डाउन आईसीयू में स्थापित यह सिस्टम बिना शारीरिक संपर्क के 24×7 मरीजों के महत्वपूर्ण पैरामीटर मॉनिटर करता है, जिससे संक्रमण नियंत्रण, मरीज सुरक्षा और क्लिनिकल दक्षता में सुधार होता है। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज के एमडी एवं सीईओ डॉ. सच्चिदानंद उपाध्याय ने कहा कि यह पहल रिएक्टिव केयर से प्रेडिक्टिव, एआई-आधारित हेल्थकेयर की ओर एक निर्णायक बदलाव है। यह मॉडल देशभर के लिए एक स्केलेबल और दोहराने योग्य बेंचमार्क प्रस्तुत करता है।

### विशेषज्ञों ने कहा- जेरियाट्रिक केयर अब राष्ट्रीय जरूरत

**नई दिल्ली।** भारत तेजी से बढ़ती बुजुर्ग आबादी के दौर में प्रवेश कर रहा है, ऐसे में जेरियाट्रिक केयर अब वैकल्पिक नहीं बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता बन चुकी है। इलनेस टु वेलनेस कांफ्रेंस में विशेषज्ञों ने जोर दिया कि बुजुर्गों की देखभाल कुछ बड़े अस्पतालों तक सीमित न रहकर घर और समुदाय से शुरू होने वाली,




जिला स्तर तक पहुंचने वाली एकीकृत व्यवस्था होनी चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं तक असमान पहुंच, बढ़ती डिमेंशिया और अल्जाइमर जैसी बीमारियां, आर्थिक असुरक्षा और डिजिटल डिवाइड बुजुर्गों की प्रमुख चुनौतियां हैं। पूर्व स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि प्रशिक्षित केयरगिवर्स, होम केयर और कम्युनिटी सपोर्ट से कई मामलों को अस्पताल में भर्ती किए बिना संभाला जा सकता है। अनिल राजपूत और डॉ. एबी डे ने भी गरिमा, आजादी और स्वस्थ जीवन को जेरियाट्रिक केयर का केंद्र बताया। सम्मेलन में नीति, वर्कफोर्स और समाज की साझा भूमिका पर बल दिया।

### युवा राइडर्स के लिए दैनिक राइड हुई आसान

**नई दिल्ली।** भारत में टू-व्हीलर परिवारों की रोज़मर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। देश में लगभग 260 मिलियन टू-व्हीलर चल रहे हैं, जिससे उनकी उपयोगिता और आवश्यकता स्पष्ट होती है। बढ़ते उपयोग के साथ राइडर और पिलियन, खासकर बच्चों की सुरक्षा बेहद ज़रूरी हो गई है। जागरुकता बढ़ने के बावजूद पीछे बैठने वाले बच्चों द्वारा हेलमेट पहनना अब भी नज़रअंदाज़ किया जाता है। सड़क परिवहन मंत्रालय की 2023 रिपोर्ट के अनुसार, हेलमेट न पहनने से सड़क दुर्घटनाओं में 31प्रतिशत मौतें हुईं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, हेलमेट पहनने से मौत का खतरा छह गुना तक कम हो सकता है। अब ब्रांड्स भी समाधान की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। एथर जैसे ब्रांड बच्चों के लिए आईएसआई-सर्टिफाइड जूनियर हेलमेट और उन्नत सेफ्टी टेक्नोलॉजी वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर पेश कर रहे हैं। ऑटोमैटिक पावर कट, स्लिप कंट्रोल और राइड शेयरिंग जैसे फीचर्स राइड को सुरक्षित बनाते हैं। सही आदतें और आधुनिक तकनीक मिलकर हर राइड को सुरक्षित और आसान बना सकती हैं।

# शिवपुरी में झोपड़ी पर गिरी बिजली, जिंदा जला किसान

### पत्नी ने बच्चों को जलती झोपड़ी से निकाला, पति को नहीं बचा पाई

**जागरण, शिवपुरी।** जिले के सिलानगर गांव में मंगलवार अलसुबह झोपड़ी पर बिजली गिरने से एक किसान जिंदा जल गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, सिलानगर का रहने वाला किसान वीर सिंह आदिवासी अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ खेत पर बनी झोपड़ी में रहता था। हादसे से पहले रात को परिवार ने एक साथ खाना खाया और और झोपड़ी में सो गया। रात में अचानक मौसम बदला और रुक-रुक कर बारिश होने लगी। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे एक तेज आकाशीय बिजली सीधे झोपड़ी पर गिरी। बिजली गिरने की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। झोपड़ी में आग लग गई। वीर सिंह सीधे इसकी चपेट में आ गए, उनकी पत्नी ने दोनों बच्चों को जलती हुई झोपड़ी से सुरक्षित बाहर निकाला लेकिन अपने पति को नहीं बचा पाईं। आग की चपेट में आने से वीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।



**बड़ामलहरा में बिजली गिरने से युवक की मौत** : भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम पठिया में मंगलवार की सुबह बिजली गिरने से काठन गांव के रहने वाले 25 साल के लखन राजपूत की मौत हो गई। लखन सुिबह 8 बजे काठन नदी के पास गया था, इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ बिजली उसके ऊपर गिर गई। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही भगवां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

## रीवा मेडिकल कॉलेज के छात्रों में मारपीट, 28 पर एफआईआर

**जागरण, रीवा।** प्रदेश के रीवा में श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में छात्र गुटों के बीच शुरू हुआ टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। हॉस्टल से शुरू हुई मारपीट की आग पहले संजय गांधी अस्पताल पहुंची और फिर देर रात द्वारिका नगर तक फैल गई। हॉस्टलर और डे स्कॉलर छात्रों के बीच हुई इस झड़प में कई छात्र घायल हुए हैं। घायल छात्रों की शिकायत पर अमहिया थाना पुलिस ने 28 मेडिकल छात्रों को नामजद आरोपी बनाते हुए मारपीट, उत्पात और शांति भंग करने की धाराओं में अपराध दर्ज किया है। दरअसल सोमवार दोपहर श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के दो छात्र गुटों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। विवाद के बाद घायल छात्रों को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। हालात बिगड़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इसी बीच हॉस्टल में रहने वाले छात्र वहां से भाग निकले। मामला यहीं नहीं रुका। देर रात हॉस्टलर छात्रों का एक समूह द्वारिका नगर स्थित डे स्कॉलर छात्र के घर जा पहुंचा। यहां जमकर उत्पात मचाया गया और डे स्कॉलर छात्र के साथ मारपीट की गई।

